

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



पेज 7

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 110 | ग्वालियर बुधवार, 01 फरवरी 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## बजट 2023-24: मोदी सरकार से क्या चाहती हैं दिल्ली की महिलाएं

देश का केंद्रीय बजट 2023-24 एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पेश करेंगी. इससे पहले अनेक मंच से सरकार की ओर से देश के बुनियादी आधार को मजबूत करने का रूपरेखा को सामने रखा गया है. उसी के आधार पर कयास लगाए जा रहे हैं कि हर वर्ग के लिए आने वाला बजट कैसा होगा। लेकिन एक साल में आने वाले इस बजट से मध्यम वर्गीय आम नागरिक, युवा, छात्र ,व्यापारी और महिलाएं सहित सभी वर्गों को बड़ी उम्मीदें रहती हैं. इसी को देखते हुए एबीपी लाइव ने दिल्ली की महिलाओं से आने वाले इस केंद्रीय बजट को लेकर खास बातचीत की. इसमें उन्होंने आने वाले केंद्रीय बजट को लेकर अपनी उम्मीदें जाहिर की हैं. दिल्ली के चांदनी चौक की रहने वाली हेमा चौधरी से जब एबीपी लाइव ने बजट के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया, ÷देश के हर क्षेत्र में बदलती सूरत से यह स्पष्ट है कि देश में चौतरफा विकास हो रहा है, लेकिन मध्यम वर्गीय परिवार इस बार भी सरकार से बड़ी राहत की उम्मीद कर रहा है. उन्होंने आगे कहा, बीते कुछ महीनों से घर के राशन हो या एलपीजी सिलेंडर, इसके अलावा पेट्रोल-डीजल और




सीएनजी गैस के बढ़ते दामों ने महीने भर के बजट को प्रभावित किया है. हम जरूर चाहेंगे कि आने वाले इस बजट में मध्यम वर्गीय परिवार के लिए सीधे कुछ राहत मुहैया कराई जा सके, जिससे हम अपने महीने के आय को सही रूप में इस्तेमाल कर सकें. मयूर विहार फेज वन की रहने वाली 40 साल रिंकी तिवारी ने कहा, हर साल आने वाले बजट से सबसे ज्यादा उम्मीदें करदाता यानी मध्यम वर्गीय परिवार को ही रहता है, लेकिन सीधे तौर पर इस बजट से उन मध्यम वर्गीय परिवार को राहत नहीं मिलती है. वैसे इस बार हमारी उम्मीदें सरकार से अधिक हैं. हम चाहते हैं कि हमारे बच्चों के स्कूल फीस और अन्य पढ़ाई के बढ़ते खर्च से जुड़े विषय पर राहत दी जाए, जिससे हमें अपना महीने का खर्च चलाने में कोई दिक्कत न हो. वहीं दिल्ली के राजेंद्र नगर की रहने वाली अनुराधा तोमर ने कहा, हिंदुस्तान सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन चुका है. यह जरूर है कि हर वर्ग के आर्थिक स्थिति का तालमेल बिठाना भी सरकार के लिए बड़ी चुनौती है, लेकिन समय से टैक्स का भुगतान करने वाले मध्यम वर्गीय परिवार और गरीब वर्ग के लोगों के लिए इस केंद्रीय बजट में विशेष उपहार होना चाहिए. इससे व्यक्ति महीने और साल भर के अपने खर्च को संतुलित तरीके से चला सके. वर्तमान स्थिति में बहुत से दूसरे देशों की तुलना में जरूर हिंदुस्तान की स्थिति बेहतर है, लेकिन हम अभी भी इस बजट से यह उम्मीद लगाए हैं कि हमें बढ़ती महंगाई से राहत मिलेगी.

## पेशाब कांड के आरोपी शंकर मिश्रा को मिली जमानत

एयर इंडिया पेशाब कांड मामले में आरोपी शंकर मिश्रा को जमानत मिल गई है. शंकर मिश्रा को पटियाला हाउस कोर्ट 1 लाख रुपये के मुचलके पर जमानत दी है. इससे पहले कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई पूरी कर ली थी और फैसले को सुरक्षित रख लिया था. एडिशनल सेशन जज हरज्योत सिंह ने मंगलवार 31 जनवरी को फैसला सुनाया है. शंकर मिश्रा को 6 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था. आरोपी शंकर मिश्रा पर पिछले साल 26 नवंबर को न्यू यॉर्क से दिल्ली आने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट में महिला यात्री पर पेशाब करने का आरोप लगा है. हालांकि उन्होंने इस आरोप का खंडन किया था. इसके बाद 6 जनवरी से वो पुलिस हिरासत में थे. इस मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस भल्ला ने कहा था कि जांच एजेंसी ने जिस गवाह का नाम लिया है, वो उसके पक्ष में ही गवाही नहीं दे रही है. शिकायतकर्ता के बयान और गवाह के बयान में विरोधाभास है. आरोपी शंकर मिश्रा के वकील ने कोर्ट से कहा कि शिकायतकर्ता ने घटना के बाद टिकट की भरपाई मांगी थी और आरोपी के खिलाफ कोई



कार्रवाई नहीं करने की भी मांग की थी. दिल्ली पुलिस के वकील ने शंकर मिश्रा की जमानत याचिका का विरोध किया था. दिल्ली पुलिस ने मिश्रा पर जांच में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया और उनकी जमानत याचिका का विरोध किया. शिकायतकर्ता महिला का पक्ष रख रहे वकील अंकुर महिंद्रा ने शनिवार (14 जनवरी) को जवाब दिया, आरोपी शंकर मिश्रा गलत जानकारी फैला रहे हैं. ऐसा करके वो पीड़िता को परेशान कर रहे हैं. उसे अपने किए घिनौने काम का पछतावा होना चाहिए था लेकिन वो झूठ बोल रहा है. शंकर ने अचानक यू-टर्न लेते हुए शुक्रवार (13 जनवरी) को दिल्ली की एक अदालत से कहा कि उसने आपत्तिजनक कृत्य नहीं किया. इसके साथ ही उसने आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता है कि महिला ने खुद ही अपने ऊपर पेशाब किया था. अमेरिका में ऑडियोलॉजी के डॉक्टर भट्टाचार्य ने बताया कि उन्होंने केबिन क्रू को यात्री के बारे में पहले ही सतर्क कर दिया था क्योंकि वह पूरी तरह से नशे में धुत लग रहा था. उड़ान भरने के लगभग एक घंटे बाद यात्रियों को दोपहर का लंच दिया गया और वह 40 मिनट में ही चार ड्रिंक्स पी चुका था. जब उसने इस बारे में स्टाफ को बताया तो वे बस मुस्कुरा दिए. इसके बाद भी आरोपी को और ड्रिंक पिलाई गई.

## सरेआम स्कूटी सवार युवती की गोली मारकर हत्या



राजधानी दिल्ली के पश्चिम विहार वेस्ट थाना क्षेत्र के मीरबाग इलाके में सरेराह स्कूटी सवार एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी गई. उसका नाम ज्योति (35) था, जो परिवार के साथ निहाल विहार में रहती थी और फ्लिपकार्ट में डिलीवरी वुमन का काम करती थी. घटना सोमवार शाम 7ः00 से 7ः15 बजे के बीच की है. हमलावर ने वारदात को अंजाम देने के बाद ज्योति की स्कूटी छीनी और उसी से फरार हो गया. पुलिस मामले की जांच कर रही है. पुलिस के अनुसार सोमवार शाम लगभग 7ः15 बजे पीसीआर कॉल मिली कि मीरा बाग रेड लाइट के पास आउटर रिंग रोड पर पिलर नंबर 73 के नजदीक स्कूटी सवार एक महिला को गोली मार दी गई है. महिला को घायल अवस्था में नजदीक स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया, जहां से उसे एक अन्य अस्पताल में रेफर किया गया. लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया. कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है. लेकिन अब तक इस हत्या में शामिल हमलावर का कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया है. ज्योति ने जो भी गहने आदि पहने हुए थे, सब उसके शरीर पर सही सलामत मिले हैं. इसलिए यह मामला लूट का भी प्रतीत नहीं हो रहा है. हालांकि हर एंगल को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच की जा रही है. कुछ दिन पहले ही कंपनी के एचआर विभाग में काम करने वाले युवक की ज्योति ने की थी शिकायत कि थी. ज्योति के परिवार में पति दीपक और तीन बच्चे हैं. बड़ी बेटी की उम्र 16 साल है. दीपक प्लास्टिक का काम करता है. परिवार निहाल विहार में एक किराए के मकान में रहता है. दीपक का कहना है कि वे लोग बाहर किसी से ज्यादा वास्ता नहीं रखते हैं और गली मोहल्ले में शांतिपूर्ण तरीके से रहते हैं. जिस मकान में किराए पर रह रहे हैं, वहां उन्हें रहते हुए 8 साल बीत चुके हैं. दीपक का कहना है कि शाम को लगभग 7 बजे के आसपास उन्हें किसी व्यक्ति ने कॉल किया और कहा कि आप जल्दी से मीरा बाग में स्थित सहगल अस्पताल आ जाइए.

### उमा भारती ने कहा कि मप्र में महिला अपराधों की संख्या इसलिए बढ़ रही है, क्योंकि

## शराब पर लगाम नहीं लगाई जा रही

**नई दिल्ली।** शराब बंदी अभियान को लेकर बीते तीन दिन से भोपाल के अयोध्यानगर स्थित मंदिर में अस्थाई रूप से रह रहीं उमा भारती ने अपने नए ठिकाने से मंगलवार को विदाई ले ली. इस दौरान उमा भारती ने पत्रकार वार्ता का आयोजन किया. पत्रकारों को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम उमा भारती ने मध्य प्रदेश सरकार को नया चैलेंज दे दिया है. उमा भारती ने कहा कि अब मधुशालाएं ही गौशालाओं के रूप में परिवर्तित होंगी. इसकी शुरुआत ओरछा से 2 फरवरी से होगी. इतना ही नहीं, उमा भारती ने कहा कि मैं वहां मधुशाला में 11 गायों को बांधकर आउंगी, देखती हूं कौन माई का लाल आता है.

**शिवराज सरकार को दिए 5 परामर्श**–उमा भारती ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में महिला अपराधों की संख्या में लगातारी बढ़ोतरी हो रही है. यह अपराध शराब की वजह से ही हो रहे हैं. उमा भारती ने प्रेस वार्ता के माध्यम से एमपी की शिवराज सरकार को पांच परामर्श दिए हैं. उन्होंने कहा, शिवराज जी, वीडी शर्मा जी भले आदमी हैं, लेकिन देखना विभीषण ने ही लंका जला दी थी.



**केवल पीएम मोदी की वजह से जीतते हैं चुनाव**–उमा भारती ने कहा कि वह भोपाल के जिस मंदिर में अस्थाई रूप से रह रही थीं, पता चला कि यह तो पुलिस की जगह है. बताओ शराब माफिया से पुलिस भी महफूज नहीं है. उन्होंने कहा कि स्कूल से एक किलोमीटर, धार्मिक स्थलों से आधा किलो की दूरी पर आहाता नहीं होना चाहिए. अस्पताल और अदालत से भी दूर हो शराब आहाता. उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह अब अपना रूप बदलो. प्रदेश के 50 प्रतिशत मतदाता बीजेपी को वोट नहीं दे रहे हैं. उमा भारती ने कहा कि यह तो मोदी जी का जादू चल रहा है, जिससे हम चुनाव जीत जाते हैं.

**मधुशाला में बांधेंगी गाय**–पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उमा भारती ने कहा कि ओरछा में प्रवेश द्वारा पर ही शराब दुकान है, जहां देशी-विदेशी शराब बिकती है. उमा भारती का कहना है कि वह ओरछा जा रही हैं और एक-दो दिन में ओरछा की मधुशाला को गौशाला में परिवर्तित कर देंगी. नई शराब नीति का इंतजार नहीं करेंगी. अब मधुशाला में गौशाला खुलेगी. उन्होंने ओरछा में अपने समर्थकों से कह दिया है कि 11 गाय तैयार रखें, वह खुद अपने हाथ से गायों को बांधेंगी. देखते हैं कौन माई का लाल हटाता है.

## नीतीश के गले की फांस बने उपेंद्र कुशवाहा

जेडीयू के बागी उपेंद्र कुशवाहा ने एक बार फिर नीतीश कुमार के खिलाफ तीखा हमला करते हुए हिस्सेदारी की मांग की है. पटना स्थित आवास पर मीडिया से बात करते हुए कुशवाहा ने कहा कि हिस्सेदारी के लिए मैं केंद्रीय मंत्री का पद छोड़ सकता हूं तो विधान पार्षद का पद क्या चीज है। कुशवाहा ने आगे कहा कि नीतीश कुमार ने संसदीय बोर्ड अध्यक्ष बना कर मुझे लॉलीपॉप थमा दिया है. जब भी मैं कोई सुझाव देने जाता हूं तो नीतीश कहते हैं, आप बीजेपी में जाना चाहते हैं. उन्होंने 1994 में नीतीश और लालू की लड़ाई का भी जिक्र किया. कुशवाहा और नीतीश में जारी जंग के बीच सवाल उठ रहा है कि जेडीयू हाईकमान संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है। जेडीयू से उपेक्षित महसूस कर रहे उपेंद्र कुशवाहा भी पार्टी क्यों नहीं छोड़ रहे हैं। आइए सिलसिलेवार तरीके से जानते हैं...नीतीश कुमार को बड़ा भाई कहने वाले उपेंद्र कुशवाहा उन पर इतने गुस्से में क्यों हैं। यह सवाल इसलिए भी चर्चा में है, क्योंकि 2 बार जेडीयू छोड़ने वाले कुशवाहा की वापसी नीतीश ने ही कराया था. कुशवाहा के गुस्से में होने की 3 वजह अब तक सामने आ रही है.



## पीएम केयर्स भारत सरकार का फंड नहीं

प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार (31 जनवरी) को दिल्ली हाई कोर्ट को बताया है कि पीएम केयर्स भारत सरकार का फंड नहीं है और इसे पब्लिक अथॉरिटी नहीं मान सकते. पीएमओ के अवर सचिव की ओर से दायर हलफनामे में कहा गया है कि फंड को पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के रूप में स्थापित किया गया है और यह भारत के संविधान, संसद या किसी राज्य विधानमंडल के कानून के तहत नहीं बनाया गया है. पीएमओ ने सम्यक गंगवाल की ओर से दायर याचिका का विरोध किया है, जिन्होंने भारत के संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत पीएम केयर्स को सरकारी फंड घोषित करने की मांग की थी. हलफनामे में



कहा गया है कि ट्रस्ट के कामकाज में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से केंद्र सरकार या किसी भी राज्य सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है. पीएमओ ने आगे कहा है कि पीएम केयर्स फंड केवल व्यक्तियों और संस्थानों की ओर से स्वैच्छिक दान स्वीकार करता है. ये किसी भी बजटीय प्रावधान या लोक उपक्रम के बैलेंस शीट से आने वाले पैसा को स्वीकार नहीं करता है.

पीएम केयर्स फंड में किए गए योगदान को आयकर अधिनियम, 1961 के तहत छूट दी गई है, लेकिन यह अपने आप में इस निष्कर्ष को सही नहीं ठहराएगा कि यह एक पब्लिक अथॉरिटी है. आगे कहा गया कि फंड को सार्वजनिक प्राधिकरण नहीं कहा जा सकता है क्योंकि जिस कारण से इसे बनाया गया था वह विशुद्ध रूप से धर्मार्थ है और न तो फंड का उपयोग किसी सरकारी परियोजना के लिए किया जाता है और न ही ट्रस्ट सरकार की किसी भी नीति से शासित होता है. इसलिए पीएम केयर्स को पब्लिक अथॉरिटी के रूप में लेबल नहीं किया जा सकता है. पीएमओ ने यह भी तर्क दिया है कि पीएम केयर्स फंड को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष की तर्ज पर प्रशासित किया जाता है क्योंकि दोनों की अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते हैं. जवाब में कहा गया है कि जिस तरह पीएमएनआरएफ के लिए राष्ट्रीय प्रतीक और डोमेन नाम का इस्तेमाल किया जा रहा है, उसी तरह पीएम केयर्स फंड के लिए भी इस्तेमाल किया जा रहा है.

## दो चचेरे भाई, दो बहनें, रेप और अधजली लाशें... आसाराम और उसके बेटे की क्राइम फाइल

**नई दिल्ली।** गांधीनगर की एक अदालत ने मंगलवार (31 जनवरी) को आसाराम को महिला शिष्य से रेप के मामले में दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. जोधपुर जेल में बंद 81 वर्षीय आसाराम रेप के एक अन्य मामले में पहले से ही आजीवन कारावास की सजा काट रहा है. आसाराम का बेटा नारायण साईं भी रेप के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है. आपको आसाराम और उसके बेटे की क्राइम फाइल बताते हैं.

खुद को भगवान बताने वाले आसाराम को उसके अनुयायी बापू बुलाते थे. एक वक्त था जब आसाराम के भक्तों में बड़ी-बड़ी हस्तियां शामिल रहती थीं. तब आसाराम को दुनिया में बड़ा संत माना जाता था और कहा जाता था कि उसके 4 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर हैं. बड़े-बड़े राजनेता उसके आश्रम में मत्था टेकने आते थे, लेकिन कहते हैं ना हर पापी के साम्राज्य का एक दिन अंत जरूर होता है. कुछ ऐसा ही आसाराम के साथ भी हुआ. आसाराम के पापों को चिट्ठा साल 2008 में ही खुलना शुरू हो गया था और यही वो साल है जब इस बलात्कारी बाबा का पतन शुरू हुआ. दरअसल, 2008 में आसाराम के गुजरात के मोटेरा में बने आश्रम के बाहर साबरमती नदी के सूखे तल में दो बच्चों के अधजले शव मिले थे. दोनों बच्चों की पहचान 10 वर्षीय अभिषेक वाघेला और 11 वर्षीय दीपक वाघेला के रूप में हुई थी. दोनों बच्चे चचेरे भाई थे. बच्चों के घरवालों ने आरोप लगाया था कि दोनों का एडमिशन गुरुकुल में करवाया गया था और तंत्र-मंत्र के लिए बच्चों को बलि चढ़ाया गया था. गुजरात के तब के सीएम नरेंद्र मोदी ने इस मामले की जांच के लिए आयोग का गठन किया था. इस मामले में कई लोगों को हत्या का दोषी भी ठहराया गया था, लेकिन आसाराम पर कोई आंच नहीं आई. हालांकि, उसकी मुश्किलें जरूर बढ़नी शुरू हो गई थीं. इसके बाद साल 2013 में आसाराम और उसके परिवार की काली करतूतें का पर्दाफाश हो गया था. तब आसाराम पर एक नाबालिग लड़की से रेप करने का आरोप लगा था. पीड़िता के परिजनों ने आरोप लगाया था कि उनकी बेटी छिंदवाड़ा के गुरुकुल में रहती थी तब उन्हें बताया गया कि उनकी बेटी पर भूत-प्रेत का साया है और केवल आसाराम ही उसे ठीक कर सकता है. फिर



वे उसे जोधपुर स्थित आश्रम लेकर गए. उन्होंने आरोप लगाया था कि 15 अगस्त 2013 को आसाराम ने उनकी बेटी को अपनी कुटिया में बुलाया और उसके साथ रेप किया. 20 अगस्त 2013 को पीड़िता के माता-पिता ने दिल्ली में जीरो एफआईआर दर्ज कराई थी और बाद में मामला जोधपुर पुलिस को सौंप दिया गया था. जोधपुर पुलिस ने इस मामले को लेकर 31 अगस्त को आसाराम को इंदौर से गिरफ्तार किया था. आसाराम को उसके इंदौर स्थित आश्रम से जोधपुर ले जाया गया. इसी बीच 6 अक्टूबर 2013 सूरत की रहनी वाली दो बहनों ने आसाराम और उसके बेटे नारायण साईं पर रेप केस दर्ज करवाया था. इस मामले में उन्होंने आसाराम की पत्नी लक्ष्मी और बेटी भारती को भी आरोपी बनाया था. बड़ी बहन ने आसाराम पर और छोटी बहन ने नारायण साईं पर रेप का आरोप लगाया था. पीड़िता ने आरोप लगाया था कि जब वह 1997 और 2006 के बीच अहमदाबाद में मोटेरा आश्रम में रहती थी तो आसाराम ने उसके साथ बलात्कार किया और अवैध तरीके से कैद रखा था. इस मामले में सात अन्य भी आरोप थी. वहीं पीड़िता के छोटी बहन ने आरोप लगाया था कि नारायण साईं ने 2002 से 2005 के बीच उसके साथ बार-बार रेप किया था. नारायण साईं के खिलाफ सूरत में तो आसाराम के खिलाफ अहमदाबाद में केस दर्ज किया था. गुजरात की एक अदालत ने नारायण साईं को अप्रैल 2019 में पीड़िता की छोटी बहन से रेप के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी. नवंबर 2013 में जोधपुर पुलिस ने आसाराम और चार अन्य के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की और जुलाई 2014 में गुजरात पुलिस ने आसाराम के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की. अप्रैल 2018 में जोधपुर की अदालत ने राजस्थान वाले मामले में आसाराम को किशोरी से दुष्कर्म का दोषी ठहराया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई. वहीं 30 जनवरी 2023 गांधीनगर की अदालत ने आसाराम को सूरत की शिष्या से बलात्कार का दोषी ठहराया. आसाराम की पत्नी लक्ष्मी, बेटी भारती और चार महिला अनुयायियों- ध्रुवबेन, निर्मला, जस्सी और मीरा- को बरी कर दिया गया. गांधीनगर की सेशन कोर्ट ने मंगलवार (31 जनवरी) को आसाराम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई.



## सम्पादकीय

# असीमित नहीं अधिकार

वैसे यह पहली बार नहीं है कि मौजूदा केंद्र सरकार ने ईडी का इस्तेमाल अपने राजनीतिक लक्ष्यों की पूर्ति के लिये किया हो। तमाम सरकारों के दौरान ऐसा होता रहा है,लेकिन राजग सरकार के दौरान इसकी आवृत्ति बढ़ी है। विपक्षी नेता आरोप लगाते रहे हैं कि केंद्र ईडी को राजनीतिक हथियार के रूप में प्रयोग कर रहा है। ऐसे में दिल्ली हाईकोर्ट की यह नसीहत तार्किक व मार्गदर्शक है कि कानून उसे यह हक नहीं देता कि वह मनमाने ढंग से किसी की प्रतिष्ठा से खेले, उन्हें परेशान करे या किसी तरह का दबाव बनाये। अदालत ने साफ कर दिया कि उसे सिर्फ और सिर्फ धनशोधन के मामले में ही कार्रवाई करने का कानूनी हक है। वह महज अनुमान के आधार पर किसी पर कोई आरोप नहीं लगा सकती। यदि ऐसा कोई प्रयास होता है तो कानून के दायरे में ही उसकी सुनवाई होनी चाहिए। दरअसल, हाईकोर्ट ने ऐसी याचिकाओं पर सुनवाई की थी जिसमें धनशोधन की स्पष्ट स्थिति न होते हुए भी ईडी ने कार्रवाई की थी। आरोप लगते रहे हैं कि प्रवर्तन निदेशालय ने कई मामलों में विभाग के कार्यक्षेत्र से बाहर वाले मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप किया है। यही वजह है कि ईडी की दखल के बावजूद कोई धनशोधन का मामला उजागर नहीं हो सका। महज इस शक पर कि आय से अधिक की संपत्ति वाले मामले में धनशोधन का एंगल भी हो सकता है। कोर्ट का मानना है कि अन्य विभाग की जांच में यदि धनशोधन का मामला उजागर होता है तो ईडी दखल दे सकती है। गाहे-बगाहे ईडी की कारगुजारियों को लेकर सवाल उठते रहे हैं। यह मामला विगत में शीर्ष अदालत के पास भी पहुंचा था। तब भी कोर्ट ने उसके गिरफ्तारी व जब्ती के अधिकार को तो माना था लेकिन साथ ही नसीहत भी दी थी कि उसे अपने दायरे में रहकर ही काम करना होगा। ऐसे में उम्मीद जगी है कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद ईडी संयम के साथ काम करेगा। दरअसल, विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा कि केंद्रीय एजेंसियां सरकार के इशारों पर काम कर रही हैं, उनके निशाने पर विपक्षी सरकारों वाले राज्यों के नेता रहे हैं। अब चाहे आयकर विभाग हो, सीबीआई हो या फिर प्रवर्तन निदेशालय, विपक्षी पार्टियां उनके निशाने पर रही हैं। इन पर राजनीतिक दुराग्रह के चलते कार्रवाई करने तथा सत्तारूढ़ दल के नेताओं को अभयदान देने की बात कही जाती रही है। बहरहाल, हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद वे तमाम लोग राहत की सांस लेंगे, जिनके खिलाफ राजनीतिक कारणों से कार्रवाई हुई और वे कार्यवाही के अंतहीन त्रास को झेल रहे हैं। मामले में तमाम सफाई देने के बावजूद उनके मामलों का पटाक्षेप नहीं हो पा रहा है। वहीं जांच एजेंसी को नसीहत दी गई है कि जांच के बाद तथ्य पाये जाने के बाद ही किसी के खिलाफ छापे की कार्रवाई हो तथा कानूनी रूप से अधिकृत प्राधिकारों के माध्यम से ही मामले की सुनवाई की जानी चाहिए। उसके पास यह जांच करने का अधिकार नहीं है कि कहीं इस तरह का आर्थिक अपराध हुआ है।

# अर्थव्यवस्था के सामने बड़ा खतरा

> वैसे अडाणी समूह ने हिंडनबर्ग फर्म के सारे आरोपों को खारिज किया है और उसे कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। लेकिन हिंडनबर्ग ने कानूनी कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा है कि हम अपनी रिपोर्ट पर पूरी तरह से कायम हैं, और हमारे खिलाफ उठाए गए कानूनी कदम आधारहीन होंगे।

देश के सबसे बड़े उद्योग समूहों में से एक अडाणी समूह के बारे में पिछले दिनों एक सनसनीखेज खुलासा हुआ है। अमेरिकी निवेश शोध फर्म हिंडनबर्ग ने कहा कि उसकी दो साल की जांच में पता चला है कि "अडाणी समूह दशकों से 17.8 ट्रिलियन रुपयों के स्टॉक के हेरफेर और लेखा की धोखाधड़ी में शामिल था" इसे सरल शब्दों में कहें तो हिंडनबर्ग का आरोप है कि अडाणी समूह ने अपनी कई कंपनियों के हिसाब-किताब को छिपाया है, उनमें हेरफेर की है, ताकि जमकर मुनाफा कमा सके। फर्म ने ये भी बताया है कि इस ग्रुप ने कई शैल कंपनियों के जरिए भी गड़बड़ियां की हैं। इस रिपोर्ट के आते ही भारतीय शेयर बाजार में उथल-पुथल मच गई है। रिपोर्ट के आने के बाद से भारतीय शेयर बाजारों ने अभी तक दो सत्रों में कारोबार किया है, जिसमें अडाणी समूह के शेयर 22 प्रतिशत तक गिर चुके हैं। करीब 11 अरब डॉलर का नुकसान समूह को हुआ है। गौतम अडाणी की खुद की संपत्ति में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिसके चलते वह अमीरों की सूची में सातवें नम्बर पर पहुंच चुके हैं। हालांकि समुद्र से दो लोटा पानी निकल जाए, तो उसे घाटा नहीं कहते। लेकिन जो लोग बूंद-बूंद घड़ा भरते हैं, उनके लिए दो-चार बूंदों का छलक जाना भी बड़ा नुकसान होता है। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद शेयर बाजार के निवेशकों को भी बड़ा झटका लगा है। अर्थव्यवस्था में पहले ही उथल-पुथल मची हुई है। सरकार ने नोटबंदी और जीएसटी के बाद जिस तेजी से निजीकरण को बढ़ावा दिया है, उसके बाद आम आदमी अपनी जमा-पूंजी को लेकर सशंकित ही रहता है। नीरव मोदी, मेहुल चौकसी, विजय माल्या के भगोड़ा प्रकरणों के कारण आर्थिक हेराफेरी करने वाले रसूखदार लोगों पर कानूनी शिकंजे को लेकर भी निश्चिंत नहीं हुआ जा सकता, क्योंकि ये सारे लोग इस देश के बैंकों से हजारों करोड़ लूटकर आराम से विदेश चले गए और जनता अपने पैसों को बट्टा खाते की भेंट चढ़ते देखते रह गई। इस माहौल में अगर एक और वित्तीय घोटाले के आरोप सामने आए हैं, तो घबराहट का माहौल बनना स्वाभाविक है। आमतौर पर ऐसे हालात में सरकार खुद सामने आकर जनता को दिलासा देती है कि उसे घबराने की कोई जरूरत नहीं। लेकिन अभी तो सरकार की चुप्पी टूटने का ही इंतजार हो रहा है। वैसे अडाणी समूह ने हिंडनबर्ग फर्म के सारे आरोपों को खारिज किया है और उसे कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। लेकिन हिंडनबर्ग ने कानूनी कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा है कि हम अपनी रिपोर्ट पर पूरी तरह से कायम हैं, और हमारे खिलाफ उठाए गए कानूनी कदम आधारहीन होंगे। जिस रिसर्च को अडाणी समूह ने खारिज किया है, उस पर फर्म का कहना है कि अडाणी ने हमारी 106 पन्नों की, 32 हजार शब्दों की और 720 से ज्यादा उदाहरण के साथ दो सालों में तैयार की गई रिपोर्ट को बिना रिसर्च का बताया है। हिंडनबर्ग फर्म का कहना है कि हमारी रिसर्च के आखिरी में जो 88 सवाल हैं, अडाणी समूह के पास मौका है, कि उनका जवाब देकर खुद को निर्दोष साबित कर दे। उसका कहना है कि अगर अडाणी समूह गंभीर है, तो उसे अमेरिका में भी मुकदमा दायर करना चाहिए जहां हम काम करते हैं, हमारे पास कानूनी प्रक्रिया के दौरान मांगे जाने वाले दस्तावेजों की एक लंबी सूची है। आरोप और जवाब के इस सिलसिले को देखकर यह नजर आ रहा है कि हिंडनबर्ग फर्म झुकने वाली नहीं है। अब देखने वाली बात ये है कि क्या अडाणी समूह इस फर्म पर कहां और कैसे मुकदमा दायर करता है और इसका क्या फैसला आता है।

लेकिन इस बीच जो आशंकाएं देश में उठी हैं, उस पर कम से कम सरकार को बयान देने आगे आना चाहिए। क्योंकि सरकारी, सार्वजनिक निकायों को जो जब बेचा जा रहा था, तो अडाणी समूह उसके बड़े खरीदारों में शामिल रहा है। भारतीय जीवन बीमा निगम यानी एलआईसी और स्टेट बैंक में अडाणी समूह की कंपनियों ने भारी निवेश किया हुआ है। अडाणी की कंपनियों में एलआईसी ने करीब 77,268 करोड़ रुपये का निवेश किया है। अडाणी समूह के गिरते शेयरों से एलआईसी को 18 हजार करोड़ रुपये तक का नुकसान हुआ है।

देश के बहुसंख्यक मध्यमवर्गीय लोग जिंदगी के साथ और बाद की सुरक्षा के लिए एलआईसी की पॉलिसियों में अपनी पूंजी निवेश करते हैं। एलआईसी को किसी भी तरह का नुकसान होने का मतलब है सीधे-सीधे आम आदमी को नुकसान होना। प्रधानमंत्री मोदी को याद करना चाहिए कि सत्ता संभालने से पहले उन्होंने अच्छे दिनों का वादा ही नहीं किया था, काले धन की वापसी और हर खाते में 15 लाख पहुंचाने का दावा भी किया था। आप पैसे नहीं दे सकते, कोई बात नहीं, लेकिन देश में ऐसा माहौल भी नहीं बनना चाहिए कि खाते में जो पैसे हैं, वो भी निकल जाएं। पिछले 9 बरसों में अडाणी समूह इतना बड़ा बन चुका है कि उसे ऐसे आरोपों से शायद कोई फर्क न पड़े। जब कोरोना काल में लोग आर्थिक बदहाली का शिकार हो रहे थे, उद्योग-व्यापार ठप्प हो रहे थे, उस दौर में अगर रोजाना लाखों-करोड़ों का मुनाफा अडाणी समूह कमा सकता है, तो फिर इस तरह के तूफानों में भी उनका बेड़ा पार हो ही जाएगा।

# मुगल गार्डन से अमृत उद्यान

राष्ट्रपति भवन के विशाल प्रांगण में स्थित मुगल गार्डन का नाम बदल कर अब "अमृत उद्यान" रख दिया गया है। 74वां गणतन्त्र दिवस मनाने के बाद आजादी के अमृतकाल वर्ष में यह पुनर्नामकरण किया गया है। इस कार्य को सराहने वाले जितने हैं उतने ही आलोचना करने वाले भी हैं । परन्तु अन्तिम सत्य यही है कि भारत इसकी धरती पर रहने वाले हर भाषा-भाषी व हर पंथ या मजहब अथवा क्षेत्र के लोगों का है। अतः पूरे मामले को हमें इस नजरिये से देखते हुए भारत की "एकात्म शक्ति" के दायरे में परखना चाहिए। यह ऐतिहासिक तथ्य है कि 1526 से 1857 तक के मध्ययुगीन भारत पर मुगलों का शासन था और इस दौरान जहां कुछ बादशाहों के शासनकाल में विध्वंस हुआ वहीं निर्माण भी हुआ। बेशक इससे पहले के 1198 से लेकर 1526 तक के मुस्लिम सुल्तानी शासन के दौरान विध्वंस ही अधिक हुआ मगर मुगलकाल में इस क्रम को बदला गया और औरंगजेब को छोड़ कर अन्य किसी मुगल बादशाह ने भारत की आत्मा में बसी इसकी सनातन संस्कृति पर आघात नहीं किया। यह भी सच है कि कुछ इतिहासकारों ने मुगलों का महिमा मंडन करने में भी कसर नहीं छोड़ी मगर यह भी सच है कि मुगलकाल के दौरान भारत की विश्व व्यापी प्रतिष्ठा में आर्थिक मंच पर मजबूती आयी और यह दुनिया की नम्बर एक आर्थिक शक्ति बना रहा और इसके साथ ही इसकी सारी व्यापारिक व वाणिज्यिक गतिविधियां भी हिन्दुओं के हाथ में ही रहीं। यह भी तथ्य है कि पांच सौ वर्षों तक मुस्लिम शासन में रहने के बावजूद 1947 में भारत में मुसलमानों की कुल आबादी केवल 25 प्रतिशत ही थी। इसके बावजूद मुगलकाल में शासन के प्रमुख अंगों पर मुस्लिम मनसबदारों का ही दबदबा बना रहा। खासकर इस समुदाय के "अशराफिया" कहे जाने वाले लोगों का जिनका मूल अरब, तुर्की, ईरान व अफगान था। भारतीय मूल के मुसलमानों के लिए इसमें कोई जगह नहीं थी। यहां तक कि इस अशराफिया समाज के मनसबदारों ने मुगल साम्राज्य को खोखला करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यदि मुगलों का इतिहास हम ध्यान से पढ़ें तो उनके खिलाफ मुस्लिम जागीरदारों या मनसबदारों की बगावत भी कम नहीं है। मुगल बादशाह शाह आलम द्वितीय को तो रुहेला सरदार नजीबुद्दौला ने ही अंधा बना दिया था और उसी ने अफगानिस्तान के शासक अहमद शाह अब्दाली को भारत पर आक्रमण करने के समय अपना पूरा समर्थन दिया था। अंधे शाह आलम द्वितीय को पुनः दिल्ली के सिंहासन पर ग्वालियर नरेश महादजी सिन्धिया ने ही बैठाया था। अन्तिम मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर की राष्ट्रभक्ति पर कोई सवालिया निशान कैसे लग सकता है जब 1857 के स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान स्वयं हिन्दू राजाओं ने ही उन्हें अपना बादशाह बनाया था। इस बारे में वीर सावरकर ने अपनी पुस्तक "भारत का प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम" में खुल कर लिखा है। सवाल यह है कि हम इतिहास को हम किस करवट से देखते हैं। किसी भी इतिहास के दोनों पक्ष होते हैं। एक इतिहास यह भी है कि मुगल बादशाह अकबर की महाराणा प्रताप से हुई जंग में उसके सेनापति जयपुर के राजा मानसिंह थे और महाराणा प्रताप के सेनापति एक मुस्लिम योद्धा हाकिम खां सूर थे। अतः मुगल गार्डन का नाम बदल कर इसे अमृत उद्यान रख दिये जाने का मसला हिन्दू-मुसलमान का बिल्कुल नहीं बल्कि भारत की एकात्मता का है। बेशक मुगल बादशाहों को बागों व उद्यानों का शौक था और वे जो भी महल या किले बनवाते थे उनमें उद्यान व पानी जरूर होता था कश्मीर में जहांगीर और शाहजहां ने जो उद्यान बनवाये थे उन्हीं की तर्ज पर नई दिल्ली के वॉयसराय हाऊस में 1917 के बाद उद्यान की रचना की गई थी और उसका नाम मुगल गार्डन रख दिया गया था। आजादी के बाद भी हमने इसे जारी रखा मगर इसी आजादी के अमृतकाल वर्ष में यदि इसका नाम अमृत उद्यान रख दिया गया है तो कोई आसमान टूटने वाली स्थिति नहीं है। मगर यह भी सच है कि नाम बदल कर हम भारत का इतिहास नहीं बदल सकते हैं क्योंकि भारत पर मुगलों व अंग्रेजों का शासन रहना एक वास्तविकता है। हम यह हकीकत कैसे मिटा सकते हैं कि जब 1756 में ईस्ट इंडिया कम्पनी के लार्ड क्लाइव ने बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला को छल-बल से हराया था तो विश्व व्यापार में भारत का हिस्सा 25 प्रतिशत के लगभग था। यह दौर था जब मुगल सल्तनत ढह रही थी और भारत के विभिन्न इलाकों के नवाब व राजा स्वयं को स्वतन्त्र घोषित कर रहे थे। मगर यह भी तथ्य है कि बिहार के नालन्दा विश्वविद्यालय के विश्व के सबसे बड़े पुस्तकालय को जला देने वाले बख्तियार खिलजी के नाम पर अभी तक इस इलाके के रेलवे स्टेशन का नाम बख्तियारपुर ही है। कल तक मुगल गार्डन कहे जाने वाले और आज से अमृत उद्यान बने राष्ट्रपति भवन के दिलकश बाग में फूल अपनी खुश्बुएं नहीं बदल लेंगे और न ही अपनी खूबसूरती को बदल लेंगे। इस उद्यान में गुलाब की ही न जाने कितने किस्में है और उनके नाम भी अलग-अलग विश्व हस्तियों के नाम पर हैं। इसलिए अमृत उद्यान को हम भारत की आजादी के अमृतकाल का एक तोहफा ही समझें।

> अन्तिम मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर की राष्ट्रभक्ति पर कोई सवालिया निशान कैसे लगा सकता है जब 1857 के स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान स्वयं हिन्दू राजाओं ने ही उन्हें अपना बादशाह बनाया था। इस बारे में वीर सावरकर ने अपनी पुस्तक "भारत का प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम" में खुल कर लिखा है। सवाल यह है कि हम इतिहास को हम किस करवट से देखते हैं।

# हवा में अनहोनी

**हवा में आपस में प्लेन क्रैश की घटना 1995 में हुई थी। उसके 37 वर्षों बाद क्रैश की दुर्घटना सामने आई है। एक्सरसाइज को लेकर वेल स्ट्रक्चर्ड प्लान होता है। यह डिसाइड रहता है कि कितनी हाइट पर कौन सा प्लेन जाएगा।**



भारतीय वायुसेना के लिए बीते शनिवार का दिन भारी साबित हुआ जब मध्य प्रदेश के मुरैना में सुखोई-30 और मिराज 2000 उड़ान के बाद क्रैश हो गए। हवा में दोनों विमानों का आपस में टकराना एक अनहोनी ही है। एक साथ दो लड़ाकू विमानों के हादसे पर विशेषज्ञ भी हैरान हैं। दुर्घटना के कारणों की जांच के निष्कर्षों के बाद ही यह तय होगा कि यह अनहोनी आखिर हुई कैसे? एक साथ दो अलग-अलग लड़ाकू विमानों में टेक्नीकल खामी होना समझ से परे है। हो सकता है कि किसी खास ड्रिल को अंजाम देने के दौरान हादसा हो गया हो। हवा में आपस में प्लेन क्रैश की घटना 1995 में हुई थी। उसके 37 वर्षों बाद क्रैश की दुर्घटना सामने आई है। एक्सरसाइज को लेकर वेल स्ट्रक्चर्ड प्लान होता है। यह डिसाइड रहता है कि कितनी हाइट पर कौन सा प्लेन जाएगा। यहां तक कि हवा में किस ज्योग्राफिकल बिन्दु पर जाना है यह भी तय रहता है। विशेषज्ञों का कहना है कि हादसे के पीछे दो कारण हो सकते हैं, या तो पायलटों के बीच कोई कन्फ्यूजन हुआ हो और वे आपस में कोई संदेश न दे पाए हों या फिर किसी एक विमान में तकनीकी खराबी आई हो, जिसके चलते पायलट प्लेन को कंट्रोल नहीं कर पाए हों। कारण कुछ भी रहे हों लेकिन इस हादसे से भारतीय वायुसेना को बड़ा नुक्सान पहुंचा है। एक पायलट शहीद हो गया और संतोष की बात यह है कि दो पायलट सुरक्षित बच गए। अब तक 13 मिराज 2000 विमान 1985 के बाद क्रैश हो चुके हैं। जबकि 1996 से अब तक 11 सुखोई-30 विमान क्रैश हो चुके हैं।

दोनों ही विमान हवा में सबसे विध्वंसक कॉम्बीनेशन माने जाते हैं। दोनों ही विमानों से दुश्मन थरथर कांपते हैं। सुखोई 30 एमकेआई करीब 3 हजार कि.मी. तक उड़ान भरने में सक्षम है, यह सैन्य अभियानों में लगातार पौने चार घंटे तक उड़ान भरने की क्षमता है। इसके साथ ही फ्लाइट के दौरान इसमें ईंधन भरा जा सकता है, जिसके बाद 10 घंटे तक उड़ान भरी जा सकती है। मैक 2 की स्पीड से इसे उड़ाया जा सकता है। यानी कि ध्वनि गति के दोगुने रफ्तार से उड़ान भरने में सक्षम है। करीब 38.8 टन के भार को सहने में यह सक्षम है। सुखोई 30 को रूस ने बनाया था। हालांकि अब इसका निर्माण एचएएल द्वारा भारत में ही किया जा रहा है। 1997 में सुखोई-30 एमके ने पहली उड़ान भरी थी। जबकि 2000 में एडवांस्ड वर्जन सुखोई-30 एमकेआई ऑपरेशन में और भारतीय वायुसेना इस्तेमाल कर रही है। 2019 में पाकिस्तान में बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान इसका इस्तेमाल किया गया था। आमतौर पर इसे बूढ़ा एयरक्राफ्ट कहा जाता है। अगर भारतीय वायुसेना के पास मौजूद लड़ाकू विमानों को देखें तो "मिराज 2000 से बेहतर फाइटर जेट है। लेकिन बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान इसके पीछे इस्तेमाल की बड़ी वजह यह थी कि इस्राइली स्पाइस 2000 को इसमें आसानी से फिट किया जा सकता था। मिराज की टॉप स्पीड 2,336 कि.मी./प्रति घंटे है, जून 1984 में इसे शामिल किया गया था। इसकी लम्बाई 14 मीटर है। फ्रांस की कम्पनी ने डसॉल्ट एविएशन ने इसे बनाया था। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि मिराज विमान अब बूढ़े हो चुके हैं और सुखोई-30 भी पुराने हैं, इसलिए इन पर ज्यादा भरोसा नहीं किया जा सकता। हाल ही में मिराज 2000 एयरक्राफ्ट को अपग्रेड करने की चर्चा चली थी लेकिन काम अटकता रहा। 2.5 अरब डालर के प्लान के तहत फ्रांस की कम्पनी 2 जेट को अपग्रेड करने वाली है और बाकी तकनीक ट्रांसफर की मदद से बेंगलुरु में होना है। भारतीय वायुसेना सुखोई फाइटर जेट को भी अपग्रेड करना चाहती है। सुखोई लड़ाकू विमान रूस की कम्पनी बनाती है। यह करीब 20 साल से भारत के पास है। भारतीय वायुसेना सुखोई को ज्यादा ताकतवर रेडार और युद्धक क्षमता से लैस करना चाहती है। रूस और यूक्रेन युद्ध के चलते सुखोई को अपग्रेड करने के काम में देरी हुई। सरकार यह सब काम मेड इन इंडिया के तहत करना चाहती है ताकि रक्षा उत्पादों में भारत आत्मनिर्भर बन जाए। मौजूदा समय में भारत को पाकिस्तान से कहीं ज्यादा खतरा चीन से है। भविष्य में युद्ध की आशंकाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों को अपग्रेड किए जाने की जरूरत है। हालांकि हमारे पास राफेल भी है। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए भी सतर्कता और प्रशिक्षण भी जरूरी है।

# रक्त वीर सुशील कुमार भायल 6 धनला 8

**पुष्पांजलि टुडे - रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा**



पाली जिले के ग्राम धनला के निवासी सुशील कुमार भायल हैदराबाद में व्यवसाय ... है ।रक्त की जरूरत पड़ने पर किसी भी पीड़ति व्यक्ति के लिए शीघ्र व्यवस्था कर लेते हैं । इनके मन में एक ही है । की जीते जी में रक्तदान करता रहूंगा पर मरणोपरांत नेत्रदान,अंगदान करना । अभी तक सुशील कुमार भायल ने 88 बार रक्तदान किया है ऐसे रक्तदान वीर को कोटि-कोटि धन्यवाद है । सुशील कुमार भायल का कहना है की हर वक्ती को पीड़ति के लिए रक्तदान करना चाहिए । ??मैं किसी के दिल में नहीं बसता, बल्कि रगों में बहता हूँ साहब.. !रक्तदानी हूँ किसी की जान बचाने के लिए÷जान÷पर भी खेल जाता हूँ तारीख़ 29-01-2023 रविवार को पेट की गंभीर बिमारी से पीड़ति ÷श्याम बाबू जी÷ के लिए सनतनगर हैदराबाद में 8??8?? वा प्लेटलेट ( ) का दान संपन्न किया आप भी करके देखो -अच्छा लगता है

# श्री विष्णु समाज ट्रस्ट हासन 15 वा वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया

**पुष्पाजंली टुडे**

**हासन।** श्री विष्णु समाज ट्रस्ट हासन के तत्वाधान में 15 वा वार्षिक समारोह हर्षालास से मनाया गया। रूघाराम प्रजापत की अध्यक्षता में सुबह बाबा रामदेव जी की पूजा अर्चना कर आरती की गई, आरती में गत वर्ष बोलिया लेने वाले भामाशाहों ने की, सुबह बाबा रामदेवजी का वरगोड़ा में ढोल, रथ के साथ बाबा रामदेवजी मंदिर से शुभोदया कल्याण मंडप तक विष्णु समाज के बंधुओ ने परिवार समेत भाग लिया। शुभोदय कल्याण मंडप में आज का दिन बाबा रामदेवजी के नाम भजन संध्या का कार्यक्रम रखा भजन प्रस्तुति प्रकाशदास



ने दी, दिल्ली से आए कलाकारों ने रामायण, हनुमानजी, कृष्णसुदामा की झांकियो की प्रस्तुति दी ,सभा में मुख्य अतिथि विधानसभा सदस्य प्रीतम जे गौड़ा, पुनीत का मान सम्मान किया गया। सभा में विष्णु समाज के सभी सदस्यों ने बड़ चढ़कर बोलिया का लाभ लिया। सभा में विष्णु समाज के पधाधिकारी गण, कार्यकारिणी सदस्य भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की आध्यात्मिकता सुनकर सांसद प्रज्वल रेवणा, एच डी रेवणा भी कार्यक्रम में पहुंचे और शुभकामनाएं दी उनका ट्रस्ट की तरफ से सम्मानित किया। सभा का संचालन सुरेश पारेख व सुरेश प्रजापति ने कीया।

# आचार्यश्री अरविंद सागरसूरीश्वरजी मा.सा. श्रीरामपुरम में

**पुष्पाजंलि टुडे**



**बेंगलुरू** .श्री शांन्तिनाथ जैन श्वे.मुर्तिपूजक संघ, श्रीरामपूरम में आयोजित मंगल कार्यक्रम में परम पूज्य हृदय स्पर्शी प्रवचनकार आचार्य प्रवर अरविंद सागर सूरिश्वरजी म.सा. ने निश्रा प्रदान की। पूज्य म.सा.का सामैया के पश्चात श्री जैन स्थानक श्रीरामपूरम में प्रवचन हुआ ।श्री विमल शांति महिला मंडल द्वारा स्वागत गीतिका की प्रस्तुति प्रदान की ।गुरूदेव ने व्याख्यान में फरमाया की अनन्त ईच्छा असंतुष्टि का कारण बनती है, व्यक्ति का संतोष अंदर ही छिपा हुआ है, अच्छे कर्मो द्वारा उसे प्राप्त करने का मार्ग को ही ढूंढना है ।संघ समाज के कार्यो के साथ साथ स्वयं के आत्म हित की कामना को भी सर्वोपरि रखना चाहिए। शांतीनाथ भगवान की तेईसवी(23) ध्वजारोहण में गुरूदेव निश्रा प्रदान करेगें ।संघ के अनेक गणमान्य सदस्यों एवं महिलाओं की उपस्थिति रही ।संघ सचिव नरेन्द्र आच्छा ने बताया की गुरूदेव के पधारने से जनजन में हर्षोल्लास की अनुभति हुई एवं गुरूदेवों के प्रति कृतज्ञता जाहिर की ।संघ अध्यक्ष विनोद सिंघवी ने सबका आभार प्रकट किया।

# कंप्यूटर का ज्ञान आज के युग की आवश्यकता : शैलजा नेमा



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**
**सिरोंज**

लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरोंज में मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन परियोजना के अंतर्गत व्याखानो की श्रृंखला में कंप्यूटर विभाग द्वारा नेटवर्किंग एवं सुरक्षा पर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सिरोंज की कंप्यूटर साइंस की व्याख्याता श्रीमती शैलजा नेमा ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्र छात्राओं को कंप्यूटर द्वारा होने वाले नेटवर्किंग अटैक एवं उनसे बचने हेतु उपायों की जानकारी दी एवं छात्र छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। उन्होंने बताया की यदि हमे बदलते हुए परिदृश्य में पूरी शक्ति से खड़े रहना है तो टेक्नोलॉजी की जानकारी आवश्यक है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य लालचंद राजपूत ने बताया कि आज के युग में बिना कंप्यूटर के कार्य संपन्न नहीं किया जा सकता अंत में कंप्यूटर विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार सेन में अतिथियों का आभार व्यक्त किया । महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव द्वारा भी छात्र छात्राओं को कंप्यूटर के क्षेत्र में आगे बड़ने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एस आर तिवारी, प्रो भागवत पाल,प्रो रजनी चौहान, संघप्रिय गौतम,अभिषेक चौहान,भुवनलाल तांडेकर,मनोज जैन,कल्पना पंचोली,साधना कुमारी, उरूज अहमद,वसीम खान , प्रो क्रांति चौधरी, प्रो कल्पेश चौधरी सहित अधिक संख्या में छात्र छात्राये उपस्थित रहे।

# भागवत कथा में गोवर्धन पूजा के साथ छप्पन भोग के दर्शन

**सिरोंज**
**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्ट**
**अभिषेक कुशवाहा**



नगर के हाजीपुर स्थित नागेश्वर मंदिर में चल रही संगीत में श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन भगवान श्री कृष्ण पूतना का वध किया श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक रामबावू शास्त्री ने गोवर्धन लीला के साथ भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया। कथा श्रवण कर रहे श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के नामकरण और पूतना वध के साथ माखनचोरी की लीलाओं का वर्णन सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए। कथावाचक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं से जहां कंस के भेजे विभिन्न राक्षसों का संहार किया, वहीं ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया। कथा के दौरान भगवान गिरिराज पर्वत को उठाते हुए सुंदर झांकी सजाई गई।इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु देर तक नाचते रहे। प्रसंग में बताया गया कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रजमंडल पर भारी बरसात कराई। प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ। इस मौके पर गोवर्धन लीला की झांकी भी सजाई गई। कथा के दौरान गोवर्धन पूजन का उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया।

# सीता बघेल की निर्मम हत्या के विरोध में कांग्रेस ने एसपी को ज्ञापन दिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

## न्याय नहीं मिला तो मुख्यमंत्री को दिखाएगे काले क्षंडे :मानसिंह



**भिण्ड ।** जिले के देहात थाना अंतर्गत उदोतपुरा में हुई नाबालिक सीता बघेल की निर्मम हत्या के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने सैकडों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से कहा मामा तुम्हारे राज में भांजीओ का यह हाल है,आपके आगमन से पहले यह मामले का खुलासा नहीं हुआ तो समूची कांग्रेस पीड़ति परिवार के साथ मिलकर मुख्यमंत्री जी को काले झंडे दिखाने का काम करेगा । ज्ञापन देते समय सैकडों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त 60 से अधिक आवेदनों पर दिए कार्यवाही के निर्देश

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** कलेक्ट्रेट में आयोजित शासन की महत्वाकांक्षी योजना जनसुनवाई में अपर कलेक्टर जयप्रकाश सैयाम ने आवेदकों की समस्याओं, शिकायतों को सुना और उनका निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर के समक्ष 60 आवेदन आए जिन पर संबंधितों को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अन्य अधिकारी एवं शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर जयप्रकाश सैयाम ने बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सडक दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिए कि आवेदकों की ओर से प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदनों पर गंभीरता के साथ कार्यवाही कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाए साथ ही समस्याओं के निस्तारण के संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत भी कराएं।

# छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई कि न नशा करेंगे और न ही करने देंगे

**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**मुरैना** मद्य निषेध संकल्प दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग मुरैना के द्वारा 30 जनवरी 2023 का मघ निषेध संकल्प दिवस के अवसर पर शासकीय मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल गणेशपुरा मुरैना में नशा मुक्ति अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए स्कूल प्राचार्य श्री श्याम सिंह तोमर के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां के चित्र पर माल्या अर्पण कर किया गया। इस अवसर पर नशामुक्ति के सहायक नोडल श्री मनीष शर्मा के द्वारा नशे के दुष्परिणाम एवं बचाब के बारे में विस्तार से बताया गया नशा न हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक रूप से भी हम सब को प्रभावित करता है नशे के कारण घर बर्बाद हो जाते हैं। इसलिए आओ हम सब एक साथ होकर संकल्प एवम शपथ ले की न हम नशा करेगे न ही किसी को नशा करने देगे उक्त अवसर पर प्राचार्य के द्वारा सभी छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई गई उक्त अवसर पर चित्रकला, पेंटिग, एवम मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया एक सेकडा से अधिक से अधिक छात्रओ के द्वारा संकल्प पत्र भराय गए उक्त अवसर एनएसएस प्रभारी श्री रामभोग शर्मा रैली का संचालन किया गया, सामाजिक न्याय से अशोक शाक्य, दिनेश कंशना, स्कूल स्टाफ अखिलेश शर्मा, अंजली भदौरिया के द्वारा कार्यक्रम में शहभागिता प्रदान की गई।



# बानमौर परियोजना में सहायिका पद हेतु आवेदन 6 फरवरी तक

## आंगनवाड़ी केन्द्र नाउका पुरा, भर्रांड और बरेंडा में एक-एक पद रिक्त

**मुरैना** महिला बाल विकास विभाग भोपाल के आदेशानुसार परियोजना अधिकारी बानमोर द्वारा आंगनवाड़ी सहायिका पद हेतु आंगनवाड़ी केन्द्र नाउ का पुरा, भर्रांड और बरेण्डा में एक एक पद के लिये आवदेन 6 फरवरी तक आमंत्रित किये गये हैं। परियोजना अधिकारी बानमौर ने बताया कि आंगनवाड़ी सहायिका पद हेतु न्यूनतम योग्यता पांचवी कक्षा उत्तीर्ण होनी चाहिये। आवेदिका उसी राजस्व ग्राम की मूल निवासी, मतदाता पहचान पत्र, बीपीएल राशन कार्ड तथा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया मूल निवासी एवं जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न होनी चाहिये। आवेदक की आयु 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिये। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति की दशा में जाति प्रमाण पत्र, गरीबी रेखा कार्ड की फोटोप्रति होना चाहिये। आवेदिका विधवा की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ताक की स्थिति में संक्षम न्यायालय द्वारा पारित आदेश की प्रति लगाना अनिवार्य है। आवेदन कार्यालयीन समय में 10 से 5 बजे तक 6 फरवरी तक संबंधित परियोजना में जमा किये जा सकते हैं।

# वार्ड स्तरीय बाल सरंक्षण समितियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के मार्गदर्शन और जिला कार्यक्रम अधिकारी अब्दुल गफ्फार के निर्देशन में वार्ड स्तरीय बाल सरंक्षण समितियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुआ।प्रशिक्षण में जिला बाल सरंक्षण अधिकारी श्री अब्दुल गफ्फार द्वारा स्पष्ट किया गया कि शासन द्वारा बाल सरंक्षण पर सतत् निगरानी और सर्वोत्तम बाल हित को दृष्टिगत रखते हुए बाल सरंक्षण समितियों का गठन किया गया है जिसमें महिला बाल विकास की पर्यवेक्षक को सचिव बनाया गया है बैठक आयोजन और क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सचिव की होगी। बाल सरंक्षण समितियों का मुख्य कार्य उसके क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी बालकों के हितों का सरंक्षण करते हुए सर्वोत्तम बाल हित पर कार्य करना ही है यहाँ बालक को सपष्ट करते हुए बताया गया कि कोई भी जिसकी आयु 18 वर्ष से कम है किशोर न्याय अधिनियम में बालक समझा गया है।प्रशिक्षण में अगले चरण में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर बाल सरंक्षण अधिकारी अजय सक्सेना द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से बाल सरंक्षण समिति के कार्य, अधिकार और क्रियान्वयन के तरीकों को समझाया गया। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि हम बालकों का हित तभी देख पाएंगे जब हमें बालकों के सम्बन्ध में प्रचलित विभिन्न



कानूनों, विधियों, शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी होगी, प्रशिक्षण में आगे स्पष्ट किया गया कि हम इन समितियों के माध्यम से बाल विवाह मुक्त वार्ड, बाल भिक्षावृत्ति मुक्त समुदाय कि धारणा को यथार्थ में ला सकते हैं हम यह प्रण ले सकते हैं कि हमारे सम्पूर्ण वार्ड, पंचायत में कोई भी बाल विवाह नहीं होने देंगे, हमारे क्षेत्र में कोई भी बच्चा भीख अथवा मजदूरी जैसे कार्यों में संलिप्त नहीं होगा, सुभेद्य बच्चों कि जानकारी जिला प्रशासन को उपलब्ध करायेंगे ताकि उन्हें शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं से संलग्न किया जाये। ऐसे बच्चे जिनके माता -पिता दोनों नहीं हैं उनके सरंक्षण के लिए मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना संचालित है और ऐसे बच्चे जो अपने संरक्षक से पृथक पाए गए अथवा उनके संरक्षक पालन-पोषण करने में सक्षम नहीं हैं उनके लिए संस्थागत सेवाएं बालगृह, शिशुगृह संचालित हैं जहाँ बच्चे के पोषण, संरक्षण और शिक्षण की सम्पूर्ण व्यवस्था की जाती है। अंत में सभी सदस्यों से अपेक्षा की गयी कि कोई भी पात्र बालक लाभान्वित हुए बिना न रहे और अपने वार्ड पंचायत को बाल हितेषी बनाने में सहयोग करें, कार्यक्रम में महिला बाल विकास से आनंद मिश्रा लेखपाल, जितेंद्र शर्मा, आंकड़ा विश्लेषक वार्ड संरक्षण समितियों की सदस्य सचिव, सदस्य उपस्थित रहे, सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण किट व स्वल्पाहार की व्यवस्था कराई गयी, अंत में बाल संरक्षण और नशा मुक्त कार्यक्रम के तहत् शपथ दिलाई जाकर हमारी पाती (नशा न करने के सम्बन्ध में) हस्ताक्षर के पश्चात समापन किया गया।

# सरपंच संघ ने जिला पंचायत सीईओ को दिया ज्ञापन



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**
**सिरोंज**

सरपंच संघ के अध्यक्ष विक्रम सिंह के नेतृत्व ज्ञापन जिला पंचायत सीईओ को सौंपा जिसमें ज्ञापन के माध्यम से बताया कि सिरोंज की समस्त पंचायतों में 15 वे वित्त की राशि रिसीव नहीं हो पा रही है जिसके कारण कार्य करने में दिक्कत आ रही है सभी पंचायतों में मनरेगा कार्य के अंतर्गत आधार बेस पेमेंट ना किया जावे क्योंकि ऑनलाइन ऐप के माध्यम से जो उपस्थिति दर्ज की जाती है वह ऐप में पूरा मस्टर नहीं खुलता जिससे पंचायत सरपंच सचिव रोजगार सहायक को काम करने में परेशानी आ रही है इस दौरान सरपंच ब्रजमोहन धाकड़ करतार सिंह यादव राजीव दांगी अनिल यादव गेंदालाल नीलम विजय यादव पार्वतीबाई सहित बड़ी संख्या में सरपंच उपस्थित रहे

# लैब टेक्नीशियन ओ पी एस तोमर को सेवा निवृत्त होने पर हुआ विदाई समारोह आयोजित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहद में पदस्थ लैब टेक्नीशियन ओम प्रकाश सिंह तोमर (ओ पी एस तोमर ) शासकीय सेवा से निवृत होने पर विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए ब्लाक मेडिकल ऑफीसर डॉक्टर आलोक शर्मा ने कहा तोमर का शासकीय सेवा में कार्यकाल सराहनीय रहा और उज्जवल भविष्य की



शुभकामनाएं दी।इस मौके पर डाक्टर विमलेश गौतम ने सभी को मेहनत और लगन से सेवा निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।इस मौके पर डाक्टर, धीरज गुप्ता, राजेश शर्मा, बीपीएम वीरेंद्र अटल, बीसीएम राघवेंद्र सिंह,नर्सिंग ऑफीसर लेखा श्रीवास्तव, ट्रीटमेंट सुपरवाइजर अरुण सिंह भदौरिया, रेडियोग्राफर रवि कुमार जोशी एवम समस्त अस्पताल स्टाफ विदाई समारोह में उपस्थित रहा।

# जय गुरु देव संगत ने सिरोज में निकाली वाहन रैली , शाकाहार का दिया संदेश

**पुष्पांजलि टुडे**
**रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**
**सिरोंज**



उज्जैन वाले बाबा उमाकांत जी महाराज के आदेशानुसार जय गुरु देव संगत के द्वारा रविवार को नगर में विशाल वाहन रैली निकाली गई जो कृष्ण पुरम भोपाल रोड से पुरानी बस स्टैंड , मेन बाजार, कष्टम, छत्री नाका, लिंक रोड, मण्डी बायपास से होती हुई कृष्ण पुरम में समापन हुआ इस यात्रा के माध्यम से नगर वासियों को शाकाहार का संदेश दिया गया इस दौरान नवल प्रजापति, प्रेम नारायण कुशवाह, दिनेश कुशवाहा सहित जयपुर देव संगत के कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# प्रदेश में खेलो इंडिया का माहौल गांव के लड़के खेल के मैदान के लिए दे रहे आवेदन



**अनिल कुशवाहा प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** मध्य प्रदेश सरकार जहां प्रदेश में खेलो इंडिया के माध्यम से प्रदेश भर में खेलो इंडिया की मुहिम चला रही है जिसका प्रचार जोरो जोरो से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और कैबिनेट मिनिस्टर शिवपुरी विधायक यशोधरा राजे सिंधिया दिन-रात कर रही हैं वही आज एक दृश्य शिवपुरी कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान देखने को मिला जहां शिवपुरी नरवर तहसील के गग्राम पंचायत गनियार के एक दर्जन से अधिक लोग अपने ग्राम में खेल के मैदान के लिए आवेदन देने आए उन्होंने बताया की हमारे गांव में एक शासकीय भूमि है जिस पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है उस भूमि जिसका सर्वे नंबर 1205, 828 है यह भूमि चरनोई के नाम से आरक्षित है जिस पर कब्जा है गांव में और दूसरी जगह खेल मैदान के लिए खाली नहीं है जब भी हम लोग शासकीय भूमि पर खेलने जाते हैं तो दबंगों का कब्जा होने के कारण वह हमें वहां से भगा देते हैं इसकी शिकायत कई बार अधिकारियों को की लेकिन दबंगों का कब्जा बरकरार है गांव के लोगों ने कलेक्टर के माध्यम से जल्द समस्या का निराकरण की मांग की है

# सुप्रसिद्ध विचारक व लेखक श्री भास्कर राव रोकड़े ने शिक्षित बेरोजगार युवाओ की समस्याओं का समाधान हेतु व्यापक अभियान शुरू किया

**राकेश परिहार रिपोटर पिछोर**

पिछोर नव-क्रांति हेतु संकल्पित ÷सम्यक अभियान÷ का शुभारंभ रीवा के ऐतिहासिक पद्मधर पार्क से 2 मई 2022 को किया गया। म.प्र.के स्थापना दिवस के दिन 1 नवंबर 2022 से रायसेन जिले के बरेली नगर से प्रदेश में नव-क्रांति लाने के संकल्प के साथ 45 दिवसीय प्रदेश-व्यापी सम्यक यात्रा शुरू की गई । इस यात्रा का समापन 15 दिसम्बर 2022 को रायसेन जिले के मंडीदीप में हुआ । इसके पश्चात माह फरवरी 2023 में भोपाल में प्रदेश के 5 लाख युवाओ का मेगा कांफ्रेंस होगा।

सम्यक अभियान के संकल्प

* सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृति आयु 58 साल लागू करने पर रिक्त होने वाले 5 लाख 30 हजार पदों पर 1 जनवरी 2024 से 31 जुलाई 2024 के बीच नियुक्तियां सुनिश्चित कराना।
* प्राइवेट कंपनियों के कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारियों के समान वेतन दिलाने हेतु मप्र में न्यूनतम वेतन अधिनियम की व्यवस्था सुनिश्चित कराना।
* प्राइवेट कंपनियों व सरकारी विभागों में ÷आउटसोर्सिंग सिस्टम÷ से नियुक्तियों पर पाबंदी लगाकर कार्यरत सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के स्थान पर नियमित नियुक्तियां सुनिश्चित कराना।



* प्राइवेट व सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में शिफ्ट डयूटी अधिकतम 8 घंटे की सुनिश्चित कराना । प्राइवेट कंपनियों के कर्मचारियों को तत्काल न्याय दिलाने हेतु ÷प्लेसमेंट डिपार्टमेंट÷ स्थापित कराना। प्राइवेट कंपनियों को कर्मचारियों की अंधाधुंध छटनी के जो अधिकार दे दिये गये हैं, उनमे संशोधन कराके कर्मचारियों के हित मे श्रम कानून की व्यवस्था सुनिश्चित कराना।
* प्रदेश में जातिगत जनगणना कराके आबादी के अनुपात में आरक्षण सुनिश्चित कराना तथा अर्हकारी परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वालो के लिए ÷उत्कृष्ट श्रेणी अर्थात एक्सीलेंस केटेगरी÷ के तहत 10 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित कराना।
* सरकारी कर्मचारियों को अनावश्यक अपमानित करने की परंपरा बन गई है। शिक्षित बेरोजगार युवा कर्मचारियों के सम्मान व स्वाभिमान को बनाये रखने हेतु संकल्पित रहेंगे।
* राजघरानो ने रियासतकालीन संपत्ति को कोविनेंट मर्जर के विपरीत निजी संपत्ति बना रखा है ,उसे सरकारी घोधित कराके, उसे निवेशित कर प्रदेश में टिही ड्राई -पोर्ट से जो?ते हुए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर बनाकर, राज्य में ?ूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री का विश्व-प्रसिद्ध नेटवर्क स्थापित कर, प्रसंस्करित कृषि उत्पादों को ग्लोबल मार्केट से जो?ना व राज्य में इंडस्ट्री-सेंट्रिक कम्युनिटी फॉर्मिंग सिस्टम विकसित करना।

सम्यक अभियान के प्रमुख श्री भास्कर राव रोक? जी नव-क्रान्ति की ओर अग्रसर अभियान में सहयोग की अपेक्षा के साथ आपसे चर्चा हेतु आपके बीच मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजक मनीराम लोधी किसान जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 15, अच्छे लाल जाटव, रामपाल लोधी, रामेश्वर लोधी, दीपक लोधी, धर्मेंद्र लोधी, हजारीलाल रिटायर फौजी, मुकेश लोधी जी मंच संचालक राजेंद्र लोधी जी रक्सा प्रधान राजेंद्र लोधी जी आदि लोग उपस्थित रहे

# कट्टे के दम पर किया अपरहण

## दो माह तक किया गैंग रेप



**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन के माध्यम से शिकायत करते हुए युवती ने बताया की 2 माह पूर्व दोपहर के लगभग 2 बजे परिवार के सदस्य खेत पर गए हुए थे। तभी 3 लोगों ने कट्टे की नोक पर अल्टो कार में डालकर अपहरण कर ले गए। उसके बाद वह उसे अज्ञात स्थान पर ले गए और उसके साथ तीनो ने बारी बारी से रेप किया। जानकारी के अनुसार युवती ने बताया है कि अजय बाथम पुत्र मुन्ना बाथम निवासी सांसन तहसील भितरवार, मनोज कुमार पुत्र नामालूम किरार निवासी भितरवार, मुकेश पुत्र नामालूम गॉड निवासी गड़ीखेरे तहसील चीनोर कट्टे की नोक पर घर से उठाकर मनोज किरार की अल्टो वाहन में अज्ञात स्थान पर ले गए थे। जहां पर उसके साथ बारी-बारी से बलात्कार किया गया युवती के साथ दो माह तक सामूहिक रूप से शारीरिक संबंध बनाकर प्रताड़ित किया गया।वहीं 14 जनवरी 2023 को भितरवार से बड़ी मुश्किल से युवती आरोपियों के चंगुल से छूट कर अपने घर नरवर आई।पीड़िता ने बताया कि आरोपियों की तरफ से दो अज्ञात महिला एवं पांच व्यक्ति उसके घर पर आए और अपने साथ ले जाने की धमकी देने लगे जिसके बाद आसपास के लोग इकट्ठा हुए और वह भाग खड़े हुए। महिला ने बताया कि वह काफी पीड़ित है और परेशान बनी हुई है। इसकी शिकायत पुलिस चौकी मगरोनी में दर्ज कराई है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत द्वितीय किस्त का लाभ वितरण कार्यक्रम 3 फरवरी को

**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**



**शिवपुरी** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23 की द्वितीय किश्त का लाभ वितरण कार्यक्रम 03 फरवरी को को आयोजित किया जाएगा। अपर कलेक्टर द्वारा ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम एवं पंचायत स्तरीय कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दायित्व निर्धारित किए गए है।अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए है कि कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला तथा ब्लॉक स्तर पर प्रोजेक्टर एवं बड़ी स्क्रीन से कार्यक्रम का प्रसारण, ग्राम पंचायतों में टी.बी. स्क्रीन द्वारा कार्यक्रम का प्रसारण, जिले के समस्त हितग्राही को वेवकास्ट लिंक

# विकास यात्रा अंतर्गत राजस्व विभाग की गतिविधियों के संचालन हेतु पटवारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**




**शिवपुरी** जिले में विकास यात्रा 5 फरवरी से प्रारंभ होकर 25 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। उक्त यात्रा अंतर्गत राजस्व विभाग की गतिविधियों के संचालन हेतु अपर कलेक्टर द्वारा पटवारियों को आवश्यक निर्देश दिए है।विकास यात्रा के दौरान राजस्व गतिविधियों के संचालन हेतु समस्त पटवारी मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत सत्यापन करेंगे। स्वामित्व योजनांतर्गत जमीनी हकीकत जानना व आरओआर एन्ट्री का कार्य, पी.एम.किसान योजनांतर्गत आधार अकाउंट लिंकिंग व ई केवाईसी, मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना अंतर्गत नवीन आवेदन प्राप्त करना व प्राप्त आवेदन में जांच प्रतिवेदन दर्ज करना, मुख्यमंत्री नगरीय भू-अधिकार योजना में प्रतिवेदन व नवीन आवेदन तथा ग्रामो में बी-1 वाचन कर प्राप्त फौती नामांतरण का निराकरण व नाबालिगी निरस्ती का कार्य संपादित किया जाएगा।

# 33000 की अवैध वसूली को लेकर ग्रामीणों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## पूर्व सचिव सुनील पाठक पर 33000 की अवैध वसूली का ग्रामीण लगाया आरोप

**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**

**पिछोर** शिवपुरी मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव मारवी को ग्रामीणों ने 33000 की अवैध वसूली को लेकर सौंपा ज्ञापन ग्रामीण लोगों का सीधा सीधा आरोप है कि पूर्व सचिव सुनील पाठक पुत्र चंद्रभूषण पाठक ने पात्र हितग्राहियों नीत पाल लोधी रमेश लोधी अनिल केवट कैलाश यादव भागीरथ केवट आदि से उनकी कुटीर स्वीकृत कराने तथा गरीब पात्र हितग्राहियों ओम प्रकाश यादव अनिल केवट नीत पाल लोधी से बीपीएल सूची में नाम जुड़वाने के एवज में पैसों की अवैध वसूली की है ग्राम पंचायत नगरेला में हितग्राहिय रामरतन लोधी पुत्र निर्भा लोधी का खेल तालाब की राशि के भुगतान के



एवज में 10त्न अर्थात लगभग ?33000 /की अवैधानिक रूप से वसूली की है पूर्व सचिव ने पंचायत के प्रत्येक कार्य के लिए पैसों की अवैध वसूली की है हितग्राहियों अनिल केवट पुत्र भागीरथ केवट रामरतन लोधी पुत्र निर्भय लोधी ओमप्रकाश पुत्र शोभाराम यादव नीत पाल पुत्र रमेश लोधी तिजू आदि ने जिस कार्य के लिए पैसे दिए थे वह कार्य भी नहीं किए हैं पंचायत सचिव सुनील पाठक वर्तमान सचिव ग्राम पंचायत पीपलखेड़ा में पदस्थ है हितग्राहियों ने जब पैसे वापस मांगे तो पूर्व सचिव सुनील पाठक द्वारा देने से इनकार करते हुए अपमानित कर पुलिस से झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी देता हैं

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया सर्जिकल जिला शिवपुरी में प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन

**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**

**शिवपुरी** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार गतदिवस सर्किल जेल शिवपुरी में




विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी दीपक गुप्ता द्वारा सर्किल जेल शिवपुरी में महिला बंदियों को आर्टिफिशियल ज्वेलरी बनाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान जेल में वस्त्र एवं जैकेट सिलाई प्रशिक्षण में सफल रहने वाले पुरुष एवं महिला बंदियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी दीपक गुप्ता द्वारा बताया गया कि जन्म से कोई अपराधी नहीं होता है जाने या अनजाने में जो अपराध हो जाते हैं उसी का प्रायश्चित करने हेतु बंदी जेल में आते हैं। उन्होंने बंदियों को मार्गदर्शन देते हुए बताया कि सभी बंदी जेल से एक अच्छे नागरिक बनकर निकलें। सभी समाज के अंग हैं और आगे भी रहेंगे। उन्होंने सर्किल जेल शिवपुरी में निरुद्ध महिला बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उनके लिए आर्टिफिशियल ज्वेलरी बनाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन एवं जेल में वस्त्र एवं जैकेट सिलाई प्रशिक्षण में सफल रहने वाले पुरुष एवं महिला बंदियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा सर्किल जेल शिवपुरी में संचालित उद्योग शाखा एवं जेल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय बंदियों की समस्याएं सुनी एवं समस्याओं के निराकरण हेतु तत्काल जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी की सचिव अर्चना सिंह ने बंदियों को आपराधिक प्रवृत्ति को छोड़कर समाज के मुख्यधारा से जुड़ने हेतु मार्गदर्शन दिया एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी तथा जेल के सामूहिक प्रयास से बंदियों को इस प्रकार का प्रशिक्षण देकर उन्हें मुख्यधारा में वापस जोड़ने व स्वावलंबी बनाने का प्रयत्न बताया। साथ ही जेल अधीक्षक रमेश चंद्र आर्य ने समस्त बंदियों को उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जेलर दिलीप सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद्र अग्रवाल, मंजुला जैन, मंजुला आर्ट शिवपुरी सहित जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

## मोटरसाइकिल फिसलने से बाइक सवार घायल



**पुष्पांजली टुडे से संवाददाता विशाल सिंह की रिपोर्ट**

अधिक तेज रफ्तार के चलते मोटरसाइकिल का बैलेंस बिगड़ा और मोटरसाइकिल गड्ढे में जा गिरी जानकारी के अनुसार मामोनी खुर्द और नावली के बीच में एक बाइक सवार अत्यधिक तेज गति से बाइक चला रहा था जिससे मोड़ पर बाइक का बैलेंस बिगड़ गया और बाइक सीधे गड्ढे में जा गिरी गड्ढे में गिरने से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हुए ,अर्जुन लोधी (20),भोला लोधी (23) वर्ष दोनो बाइक सवार बघारा सांजोर के बताए जा रहे है जिन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है

# गांव के दबंगों ने की भाई की हत्या अब दे रहे परिजनों को मारने की धमकी

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी -** खबर पुलिस अधीक्षक कार्यालय शिवपुरी में आवेदन देने आए पप्पू यादव ने बताया कि कुछ समय पूर्व दबंगों ने मेरे भाई का अपहरण कर हत्या कर दी इसके बाद से अभी तक उन पर किसी प्रकार का कोई कार्यवाही नहीं की गई है और ना ही उनकी गिरफ्तारी की गई है और वह गांव में खुलेआम घूम रहे हैं और अब अन्य परिजनों को मारने की धमकी दे रहे हैं मिली जानकारी के अनुसार पप्पू यादव के भाई की हत्या के आरोपी माखन पुत्र बाबू गडरिया, देवीलाल पुत्र रघुवर गडरिया, नेपाल पुत्र छप्पनलाल निवासीगढ़ जिला शिवपुरी एवं रामचरण पुत्र भुजवल सिंह, हरीसिंह पुत्र धर्मसिंह गडरिया, सैतान पुत्र निरपत निवासी घुरवार कलां जिला अशोकनगर के द्वारा जान से मारने की धमकी देने दे रहे हैं पप्पू यादव ने बताया कि वह ग्राम रेझा तहसील कोलारस के निवासी है दिनांक 07.01.2023 में आवेदक के भाई कल्ला




यादव पुत्र श्री रामसिंह की हत्या कर दी गयी थी जिनकी लाश 17.01.2023 को मिली थी जिसमें पप्पू यादव की रिपोर्ट पर पर माखन पुत्र बाबू गडरिया, देवीलाल पुत्र रघुवर गडरिया, नेपाल पुत्र छप्पनलाल निवासीगण जिला शिवपुरी एवं रामचरण पुत्र भुजवल सिंह, हरिसिंह पुत्र धर्मसिंह गडरिया, सैतान पुत्र निरपत गडरिया निवासी घुरवारकलां जिला अशोकनगर के खिलाफ एफ.आई.आर बदरवास थाने में दर्ज की गयी श्री लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नही हुयी है आये दिन यही आरोपी ग्राम में आकर पप्पू एवं पप्पू यादव के परिवार को जान से मारने की धमकी देते हैं और कहते हैं है कि अभी तो एक को ही मारा है औरों को भी मार देंगे और चार छः लोगों को मारकर ही जेल जायेंगे और कहते है पुलिस हमारा क्या बिगाड लेगी बिगाड़ पाती तो अभी तक बिगाड लेती जिससे सारा परिवार डर में एवं सदमें में है तथा पुलिस द्वारा भी पप्पू एवं उसके रिश्तेदारों को भी धमकी दी जा रही है। पप्पू के भाई की हत्या के आरोपी माखन पुत्र बाबू गड़रिया देवलाल पुत्र रघुवर गडरिया, नेपाल पुत्र छप्पनलाल निवासी ग्राम गढ़ जिला शिवपुरी एवं रामचरण पुत्र भुजवल सिंह, हरिसिंह पुत्र धर्मसिंह गड़रिया, संतान पुत्र निरपत गड़रिया निवासी घुरवारकलां जिला अशोकनगर को शीघ्र गिरफ्तार करके कार्यवाही करने की की मांग की पूरे मामले में थाना प्रभारी से बात करने पर थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की विवेचना की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाएगी

# देसी गौ पालन को प्रोत्साहित करने 1 से 15 फरवरी तक होगी प्रतियोगिताएं

**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**



**शिवपुरी** पशुपालन विभाग द्वारा मध्यप्रदेश की मूल नस्ल की गायों- मालवी, निमाड़ी और केनकथा के साथ भारतीय उन्नत नस्ल की गायों के पालन को बड़ावा देने के लिये प्रदेश में एक से 15 फरवरी तक प्रतियोगिताएँ की जायेंगी। पशुपालन विभाग का अमला पात्र पशुपालकों से आवेदन एकत्रित कर विभाग को भेज रहा है। विजेताओं को 62 लाख 61 हजार रुपये के 201 जिला स्तरीय और 6 राज्य स्तरीय पुरस्कार दिये जायेंगे। प्रदेश की मूल गौवंशीय और भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों की प्रतियोगिता जिलों में अलग-अलग की जायेंगी।भारतीय उन्नत नस्ल गाय प्रतियोगिता सभी 52 जिलों में और मध्यप्रदेश मूल की 15 जिलों में की जायेगी। मालवी नस्ल की गायों की प्रतियोगिता आगर-मालवा, शाजापुर, राजगढ़, उज्जैन और इंदौर, निमाड़ी नस्ल की जिला खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर, बड़वानी, धार और केनकथा नस्ल की जिला दमोह, पन्ना, टीकमगढ़, छतरपुर और निवाड़ी जिले में होगी।÷प्रदेश की मूल गौ-वंशीय नस्ल एवं भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारु गायों के लिये पुरस्कार योजना'' में अधिक दूध देने वाली गायों के पशुपालकों को पुरस्कार दिया जायेगा। प्रदेश की मूल गौवंशी नस्ल-मालवी, निमाड़ी और केनकथा नस्ल गाय का प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन 4 लीटर या अधिक और भारतीय गाय का 6 लीटर या उससे अधिक होना चाहिए।दोनों प्रतियोगिताओं में जिला स्तरीय प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमश÷ 51 हजार, 21 हजार और 11 हजार रुपये होगा। इसी तरह राज्य स्तरीय पुरस्कार भी क्रमश÷ 2 लाख, 1 लाख और 50 हजार रुपये का होगा। प्रतियोगिता के लिए सभी जिलों के विकास खंडों से पशुपालन विभाग का अमला भाग लेने के इच्छुक एवं पात्र पशुपालकों से आवेदन प्राप्त कर जिला स्तर पर उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएँ को भेज रहा है। तीनों पुरस्कार के अलावा शेष प्रतियोगी गायों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये जायेंगे। पुरस्कार प्राप्त समस्त पशुपालकों की सूची मय गायों की नस्ल और दुग्ध उत्पादन ब्यौरे के साथ विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

# रोजगार मेला में 294 आवेदकों का विभिन्न कंपनियों में चयन

**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**




**शिवपुरी** प्रदेश सरकार द्वारा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश अभियान के तहत रोजगार के माध्यम से अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाए जाने के उद्देश्य से जिला स्तर पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज मंगलवार को जिला रोजगार कार्यालय शिवपुरी में रोजगार मेला आयोजित किया गया। जिसमें कुल 346 आवेदकों द्वारा अपना पंजीयन कराया गया और 294 आवेदकों का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ।जिला रोजगार अधिकारी श्री स्वप्निल श्रीवास्तव ने बताया कि शासकीय आईटीआई शिवपुरी में आयोजित रोजगार मेला में कुल 294 आवेदक चयनित किये गये। चयनित आवेदकों में आईएफएफडी शिवपुरी में 46, इंडसइंड बैंक में 32, ईगल सिक्योरिटी में 93, आईसर अकादमी में 35, एसबीआई इंश्योरेंस में 42 तथा ग्रास एकेडमी में 46 आवेदकों का विभिन्न पदों पर चयन किया गया।

# भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बने रानू रघुवंशी

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी-भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री विष्णुदत्त शर्मा जी एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री दर्शन सिंह चौधरी जी के निर्देशानुसार एवं भाजपा के जिलाध्यक्ष श्री राजू बाथम जी की अनुशंसा पर भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री गुरूप्रीत सिंह चीमा की सहमति से भाजपा किसान मोर्चा जिला शिवपुरी के मण्डल की घोषणा की गई जिसमें शिवपुरी मंडल के अध्यक्ष जानू रघुवंशी को बनाया गया है इस पर रानू रघुवंशी के सभी मित्र मंडली ने उनको बधाई दी शिवपुरी शहर के चर्चित हस्ती ओर समाज सेवी हैं रानू रघुवंशी जिन्होंने कोरोना काल में अभी अपना पूरा योगदान दिया और पूरे शहर को सेनेटाइज किया

# विद्यार्थी परिषद की हिंडोरिया इकाई ने तहसीलदार को सौपा ज्ञापन





**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिंडोरिया इकाई द्वारा तहसीलदार को शासकीय कन्या हाई स्कूल कि अनियमितताओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें छात्र नेता नितेश ठाकुर ने बताया कि हिंडोरिया में स्थित शासकीय कन्या हाई स्कूल समय पर न खुलने को लेकर छात्राओं ने हंगामा कर दिया उसी को लेकर विद्यार्थी परिषद ने कलेक्टर महोदय एवं जिला शिक्षा अधिकारी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा है,और कहाँ कि स्कूल के प्रिंसिपल एवं शिक्षक समय पर स्कूल नहीं आते जिससे स्कूल समय पर नहीं खुलता हैं। इससे छात्राओं की पढाई प्रभावित हो रही है एवं छात्राओं का भविष्य अंधकार में हैं। छात्राओं का कहना हैं कि स्कूल का समय 10÷30 बजे से हैं। लेकिन स्कूल समय पर नहीं खोला जाता हैं हम सभी छात्राओं को बाहर खड़ा रहना पड़ता हैं। और न ही प्रिंसिपल समय पर आते हैं। न ही शिक्षक समय पर आते हैं। जिससे हम सभी छात्राओं की पड़ाई का नुकसान होता हैं। जिससे हम सभी को परेशानी होती हैं। बोर्ड परीक्षाएं आने वाली हैं परंतु प्रिंसिपल एवं शिक्षक के समय से न आने से हमारे भविष्य अंधकार में हैं। हम सभी कलेक्टर महोदय एवं जिला शिक्षा अधिकारी महोदय से आग्रह करते हैं। कि हम सभी छात्राओं के भविष्य को देखते हुए स्कूल को समय पर खुलवाया जाएं। और प्रिंसिपल एवं शिक्षकों का समय निर्धारित किया जाए। ताकि हम सभी छात्राओं का भविष्य अंधकारमय न हो। और ऐसे शिक्षकों एवं प्रिंसीपल पर ठोस कार्यवाही की जाये । ताकि छात्राओं का भविष्य सुरक्षित हो सके। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं एवं छात्राओं की मौजूदगी रही।

# रामचरितमानस की प्रतियां जलाकर सनातन धर्म का अपमान करने वाले समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर कार्यवाही हो

## भगवती मानव कल्याण संगठन ने प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा प्रधानमंत्री के नाम दमोह कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया कि भारत आदिकाल से ही साधु संतो, ऋषि मुनियों का देश रहा है यहां का जन जन भगवान श्रीराम श्रीकृष्ण व अपने देवी देवताओं पर गहरी आस्था रखता है। हमारे धार्मिक ग्रन्थ रामचरितमानस में देश की लोक आस्था के केन्द्र भगवान श्रीराम के जीवन का वर्णन किया गया है भगवान श्रीराम जिनका जीवन देश ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व के लोगों को आत्मकल्याण एवं जनकल्याण का मार्ग प्रशस्त करता आ रहा है। परंतु ब?े खेद का विषय है कि समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा रामचरितमानस पर अभद्र टिप्पणी की गई जिससे उत्साहित होकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा रामचरितमानस को फा?ा एवं जलाया गया। इस कृत्य से करो?ा लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओ द्वारा ओछी राजनीति के माध्यम से सनातन धर्म को बदनाम करने एवं देश को जाति धर्म के नाम पर बांटने की साजिश की जा रही है। जिसका भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी विरोध करती है। भगवती मानव कल्याण संगठन एक जनकल्याणकारी संगठन है जो पिछ्ले 30 वर्षो से धर्मसम्राट योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के निर्देशन में समाज को नशे, मांसाहार, जातीयता छुआछूत एवं संप्रदायिकता जैसी महामारियों से बचाने एवं समाज के लोगों को चरित्रवान व चेतनावान बनाने के लिये कार्यरत है। ज्ञापन सौंपते हुए कार्यकर्ताओं ने मांग है कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा किये गए कृत्य को संज्ञान में लेते हुए कठोर कार्यवाहीं की जाएं।इस अवसर पर ब?ी संख्या मैं संगठन के लोगों कि मौजूदगी रही।



# इनामी आरोपी को इमलिया चौकी प्रभारी ने किया गिरफ्तार




**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के निर्देशन में वारंटियों को गिरफ्तार करने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के तेजगढ़ थाना अंतर्गत इमलिया चौकी क्षेत्र से फरार रूपए 1000 के इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि इमलिया चौकी प्रभारी आनंद कुमार अहिरवार ने स्टाफ की मदद से रूपये 1000 के इनामी आरोपी राजेश उर्फ हल्ले पिता सैठा सिंह लोधी निवासी राजा पटना उम्र 36 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी मारपीट करने के बाद से वह फरार चल रहा था, जिसे गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा तीन अन्य मामलों में फरार वारंटियों को भी इमलिया चौकी प्रभारी के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह अवैध शराब बिक्री करने के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध शराब जप्त की गई है।

# सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित





**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** मध्य प्रदेश गृह निर्माण मंडल हाउसिंग बोर्ड दमोह में पदस्थ जयदीप सिंह राजपूत उपयंत्री विद्युत विभाग से सेवानिवृत्त होने पर विभाग के द्वारा एक आयोजन रखा गया जिसमें समस्त मंडल कर्मचारियों के द्वारा जयदीप सिंह राजपूत के लिए कार्यालय प्रक्रिया के तहत उन्हें निवृत्त होने के आदेश प्रदान किए गए साथ ही समस्त कार्यालय के सहकर्मियों के द्वारा उन्हें साल -श्रीफल एवं तिलक बंधन पुष्पहार देकर उनके उनके उज्जवल भविष्य की कामना ईश्वर से की गयी।इस अवसर पर आर पी पटेल पूर्व कार्यपालन यंत्री,अशोक जैन सिविल इंजीनियर, दर्शन सिंह मेहरा सहायक,श्री श्रेष्ठ कुमार तिवारी सहायक, शिवनारायण सेन कर्मचारी मंच सचिव, सीताराम सहायक,नीलम पटेल सहायक,अशोक सेन, रामचंद्र मिश्रा,नवाब खान,प्रहलाद पटेल सहायक, कृष्ण कुमार पांडे,संजीव सक्सेना,के अलावा बड़ी संख्या मैं अधिकारी कर्मचारियों कि उपस्थिति रही।

# पांच दिवसीय कोया पुनेम के समापन पर उमड़ा जनसैलाब



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंवर सुनील शाह ऐडाली ने जानकारी देते हुए बताया है कि दमोह जिले की पावन भूमि ग्राम उमराव जमुनिया तहसील पथरिया में पांच दिवसीय गोंडी धर्मानुसार गोंडियन गाथा कोयापुनेम का आयोजन किया। जिसमें पांच दिवसीय पुनेम के माध्यम से गोंडी धर्मानुसार संसार का प्रदुभव गण गोत्र टोटम प्रकृति की रचना सरना वाना ठाना आदि जन्म मृत्य विवाह संस्कार के बारे में बताया गया। इसमें प्रमुख व्यास गद्दी पर आसीन पुनेमाचार्य तिरु.बृजेश शाह परस्ते जी के मुखारबिंद से प्रवचन दिए गए साथ ही झकाझोर नृत्य मंडली द्वारा गोंडी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों दी गई। एवं भूमिका संघ के जिला अध्यक्ष नारायण शाह मरावी एवं अपर कलेक्टर रिटायर नारायण सिंह ठाकुर 750 बंकागढ़ वाले दादा जी मनसा देवी के पुजारी जी, गौरी दांत धाम के दादा जी सिद्ध बाबा जी के पुजारी जी ज्वाला देवी धाम रेंजा दादाजी शीतल शाह धुर्वे एवं समस्त भूमका संघ दमोह एवं गोंड समाज महासभा युवा मोर्चा के युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष तिरु अनरत सिंह ऐडाली, सचिव तिरु महेंद्र सिंह मरकाम,शिक्षक प्रेम बाई मरकाम, गोपा बाई ऐडाली एवं बालक बालिकाओं के साथ गोंडी नृत्य पर प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर आशी ऐडाली, आरती एडाली, खुशी मरकाम,प्रिया मरकाम,गोंडवाना कर्मचारी अधिकारी संघ जिलाध्यक्ष जाहर सिंह पोर्ते, विधायक श्रीमती रामबाई परिहार,पूर्व विधायक लखन पटेल, के साथ सैकड़ों गोंड समाज महासभा के सदस्यों के अधिकारी, कर्मचारी पदाधिकारियों, समाजसेवी,जनप्रतिनिधियों,की मौजूदगी में यह कार्यक्रम बड़ी भव्यता के साथ संपन्न हुआ।आयोजक कमेटी तिरु.किशोरी सिंह पंद्रे, कलू सिंह पंद्रे जी के साथ समस्त गोंड समाज ग्राम कमेटी उमराव जमुनिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# पुलिस में 43 साल सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए थाना प्रभारी बोधन साहू, पुलिस में रहने के दौरान किये गए कार्यों को लेकर हुए भावुक

**संवाददाता हेमचंद नागेश**




देवभोग। पुलिस विभाग में 43 साल सेवा देने के बाद आज देवभोग थाना प्रभारी बोधन साहू सेवानिवृत्त हो गए.. बोधन साहू ने पुलिस विभाग में बिलाईगड़, पटेवा, तुमगॉव, बागबहरा, पिथौरा, सरायपाली, महासमुन्द, डोंगरगड़, धमधा, क्राइम ब्रांच दुर्ग, नारायणपुर, आरंग, अभनपुर, गोबरा नवापारा और अंतिम के आठ महीने में देवभोग में थाना प्रभारी के रूप में अपनी सेवा दी.. बोधन साहू सन 1980 में विभाग में आरक्षक बनकर विभाग में भर्ती हुए..पुलिस में आने के बाद उन्हें रायपुर का सिविल लाइन थाना मिला.. यहां से उन्होंने अपने सफर की शुरुआत की.. इसके बाद वर्ष 1986 में हवलदार की परीक्षा पास कर हवलदार बने.. इसके बाद परीक्षा पास कर एएसआई बने.. लगातार काम और मेहनत के बदौलत वर्ष 2014 में उनके कंधे पर तीन स्टार लगा और वे निरीक्षक बने..संघर्षो के बीच बीता बचपन-÷ थाना प्रभारी बोधन साहू अपने बचपन की बातों को याद कर भावुक हो जाते है..बोधन साहू बताते है कि ड़ब वे पांचवी की क्लास में थे, तब उनकी माताजी का देहांत हो गया.. तीन भाई बहनों में सबसे बड़े बोधन पर दोनों भाई-बहनों की जिम्मेदारी आ गई.. माँ के निधन से पिताजी टूट गए थे.. ऐसे में उस दौरान बोधन साहू खेत से कुण्डी में पानी भरकर खाना भी खुद पकाते थे.. दोनों भाई बहन और पिता को खाना खिलाकर वे स्कूल के लिए निकलते थे.. स्कूल से आकर खेत में भी उन्हें समय देना पड़ता था.. इतने संघर्षो के बाद भी उन्होंने कभी हार नहीं माना.. और पड़लिखकर रायपुर के दुर्गा कॉलेज पहुँचे.. इतना ही नहीं पुलिस की नौकरी के लिए पहला साक्षात्कार दिया.. और एक हजार लोगों के बीच सातवें नंबर पर स्थान बनाकर पुलिस में भर्ती हुए...स्कूल की शर्ट पर लिखते थे पी-÷ बोधन साहू बताते है कि बचपन से ही उन्हें पुलिस बनने की इच्छा थी.. इसीलिए वे मिडिल स्कूल से ही अपने स्कूल ड्रेस के सड़ेद शर्ट के जेब में पी लिखा करते थे.. बोधन के मुताबिक उन्हें पी को देखने से हमेशा उनका लक्ष्य याद आता था.. कि उन्हें पड़लिखकर पुलिस बनकर आमजनों की सेवा करना है...राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित हो चुके है बोधन-÷ थाना प्रभारी बोधन साहू पुलिसिंग के प्रति बहुत ज्यादा गंभीर अधिकारी रहे है.. इसी का नतीजा है कि वे राष्ट्रपति पुरुस्कार से भी सम्मानित किये जा चुके है.. थाना प्रभारी बोधन साहू ने बताया कि उन्होंने आरंग, अभनपुर और गोबरा नवापारा में पोस्टिंग के दौरान थाना को वार्षिक निकाल में प्रथम स्थान दिलवाया था

# अभाविप गोहरापदर ने अमृत काल के दौरान नगर में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



**गोहरापदर** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देश की आज़ादी के अमृत महोत्सव पूर्ण होने के बाद अपने स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अभाविप अमृत महोत्सव मना रही है.अमृत काल के दौरान विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने भव्य तरीक़े से 130 फ़टि लम्बी तिरंगा यात्रा निकाली.इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी इस राष्ट भक्ति से ओत-प्रोत तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए.इस कार्यक्रम से पूरा नगर राष्ट भक्ति के भाव में सराबोर हो गया।हाई स्कूल से यात्रा प्रारंभ हुई यात्रा बाज़ारपारा से होते हुए यात्रा नगर के पंचायत पारा,गोहटिया पारा,मेन रोड,बस स्टैंड होते हुए मंदिर पारा,स्थानीय बाज़ार की ओर से आकर डाकोपारा में सरस्वती शिशु मंदिर पहुँच के समाप्त हुई।प्रमुख रूप से सरस्वती शिशु मंदिर,विंजन पब्लिक स्कूल,हाई स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी शामिल रहे। जिला संयोजक रंजन यादव एवं नगर मंत्री क्षितिजनारायण तिवारी ने बताया कि अभाविप अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव मना रही और देश के अमृत काल के दौरान हम तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों में राष्ट्वाद का भाव जागृत करने का कार्य कर रहे इसी परिपेक्ष्य में गोहरापदर इकाई द्वारा 130 फ़ीट लंबे तिरंगे यात्रा का आयोजन किया गया था जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए.शासकीय विद्यालय एवं कॉलेज के द्वारा तिरंगा यात्रा को लेकर असहयोगात्मक रवैया दिखाया गया एक राष्ट को समर्पित कार्यक्रम में भी राजनीतिक दबाव के चलते हैं ख़लल डालने की कोशिश की गई लेकिन विद्यार्थी परिषद इससे डरते नहीं हैं और हमने पूरे ही भव्यता के साथ कार्यक्रम को सुचारु रूप से संपन्न कराया।जिसने प्रमुख रूप से जिला संयोजक रंजन यादव नगर मंत्री क्षितिजनारायण तिवारी नगर सह मंत्री दव्य कृष्णकांत वैष्णव,लिकेश नागेश,मोहन यादव रूपेश,अनिल,मनीष,सौरभ,घनश्याम,पुकेश परमानंद माँझी मौजूद रहे।स्थानीय हाई स्कूल एवं नवीन महाविद्यालय एक राष्टवादी तिरंगा यात्रा के कार्यक्रम में शासन प्रशासन एवं राजनीतिक दबाव के चलते कार्यक्रम में ख़लल डालने की कोशिश की. विद्यार्थियों को कार्यक्रम में जाने के लिए मना किया गया तो वहीं दूसरी ओर हाई स्कूल के शिक्षक चलते कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वहाँ से वापस लेने पहुँचे

# संत,भक्त और ब्राह्मण का कभी भी अपमान नहीं करना चाहिए:किशोरी वैष्णवी गर्ग

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** संस्कार भवन असाटी वार्ड नंबर 1 असाटी समाज का वार्षिक उत्सव दिनांक 27 जनवरी से 2 फरवरी तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने पूतना उद्धार एवं श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन भक्तों को श्रवण कराया। कथा के पंचम दिवस पर भक्तों ने किशोरी जी के श्रीमुख से कथा का श्रवण किया। भागवत कथा के पंचम दिवस की शुरुआत भागवत आरती और विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई।पूज्य किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने कथा की शुरुआत करते हुये कहा हम सभी जिनके द्वारा चलित है जिनके द्वारा रचित है अर्थात जिनके बिना हम कुछ नहीं है आज उन्ही की परम कथा में हम बैठे है और उनकी कथा सुनने का अवसर हमें प्राप्त हुआ है। और अगर वो नहीं होते तो हम लोग भी नहीं होते। उस परम पूज्य परमात्मा की अनुकम्पा का ये दिव्य दर्शन है। कि पंचम दिवस के कथा क्रम में दशम स्कन्द के विशेष जो की भागवत का प्राण है। भागवत का प्राण क्यों है ? क्योंकि इसमें भगवान श्री कृष्ण के बाल लीलाओं के विशेषता का वर्णन किया गया। और भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का श्रवण, गायन दोनों ही जैसे एक चुम्बक, चुम्बक जैसे लोहे को अपनी तरफ खींचती है। वैसे भगवान की बाल लीलाएं श्रवण करने वाले का मन भगवान श्री कृष्ण पूर्ण युगेश्वर के शरणागति हो जाता है। चुम्बक की तरह खींचा हुआ चला जाता है। और वो भाग्यशाली है जिन्होंने अपने जीवन का धेव भगवान श्री कृष्ण के बाल चरित्रों को श्रवण करने का बना रखा है।किशोरी जी ने आगे कहा कि शास्त्रों में, पुराणो में, रामायण में हर जगह पर मानव जीवन की विशेष बाते लिखी है की मानव जैसा जीवन किसी ओर का नहीं है। जब भगवान मानव जीवन देते हैं इसका मतलब है भगवान तुम्हे मुक्ति प्राप्त करने का, ईश्वर को प्राप्त करने का अवसर देते हैं। अगर तुम मानव जीवन में आ गए हो तो भगवान ने कह दिया है की मैं तुमसे मिलने के लिए तैयार हूं लेकिन ये तुम्हारे कर्मो पर निर्भर करता है की तुम अच्छे मानव बन पाए, भक्त बन पाए तो तुम मुझसे मिलने के अधिकारी हो जाओगे।पूज्य किशोरी जी ने पंचम दिवस की कथा प्रारंभ करते हुए कृष्ण जन्म पर नंद बाबा की खुशी का वृतांत सुनाते हुए कहा की जब प्रभु ने जन्म लिया तो वासुदेव जी कंस कारागार से उनको लेकर नन्द बाबा के यहाँ छो? आये और वहाँ से जन्मी योगमाया को ले आये। नंद बाबा के घर में कन्हैया के जन्म की खबर सुन कर पूरा गोकुल झूम उठा। किशोरी जी ने कथा का वृतांत बताते हुए पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए कहा की पुतना कंस द्वारा भेजी गई एक राक्षसी थी और श्रीकृष्ण को स्तनपान के जरिए विष देकर मार देना चाहती थी। पुतना कृष्ण को विषपान कराने के लिए एक सुंदर स्त्री का रूप धारण कर वृंदावन में पहुंची थी। जब पूतना भगवान के जन्म के 6 दिन बाद प्रभु को मारने के लिए अपने स्तनों पर कालकूट विष लगा कर आई तो मेरे कन्हैया ने अपनी आँखे बंद कर ली, कारण क्या था? क्योकि जब एक बार मेरे ठाकुर की शरण में आ जाता है तो उसका उद्धार निश्चित है। परन्तु मेरे ठाकुर को दिखावा, छलावा पसंद नहीं, आप जैसे हो वैसे आओ। रावण भी भगवान श्री राम के सामने आया परन्तु छल से नहीं शत्रु बन कर, कंस भी सामने शत्रु बन आया पर भगवान ने उनका उद्दार किया। लेकिन जब पूतना और शूपर्णखा आई तो प्रभु ने आखे फेर ली क्योंकि वो मित्र के भेष रख कर शत्रुता निभाने आई थी। मौका पाकर पुतना ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया।किशोरी जी ने कहा संतो ने कई भाव




बताए है कि भगवान ने नेत्र बंद किस लिए किए ? इसका तो नाम ही है पूतना, इसके तो पूत है ही नहीं, कितना अशुभ नाम है पूतना। एक ओर भाव है कि इसे किसी के पूत पसंद भी नहीं हैं इसलिए बच्चों को मारने जाती है। भगवान जो भी लीला करते हैं वह अपने भक्तों के कल्याण या उनकी इच्छापूर्ति के लिए करते हैं। श्रीकृष्ण ने विचार किया कि मुझमें शुद्ध सत्त्वगुण ही रहता है, पर आगे अनेक राक्षसों का संहार करना है। अत÷ दुष्टों के दमन के लिए रजोगुण की आवश्यकताहै। इसलिए व्रज की रज के रूप में रजोगुण संग्रह कर रहे हैं। पृथ्वी का एक नाम 'रसा' है। श्रीकृष्ण ने सोचा कि सब रस तो ले चुका हूँ अब रसा (पृथ्वी) रस का आस्वादन करूँ। पृथ्वी का नाम 'क्षमा' भी है। माटी खाने का अर्थ क्षमा को अपनाना है। भगवान ने सोचा कि मुझे ग्वालबालों के साथ खेलना है,किन्तु वे बड़े ढीठ हैं। खेल-खेल में वे मेरे सम्मान का ध्यान भी भूल जाते हैं। कभी तो घोड़ा बनाकर मेरे ऊपर चढ़ भी जाते हैं। इसलिए क्षमा धारण करके खेलना चाहिए।अत÷ श्रीकृष्ण ने क्षमारूप पृथ्वी अंश धारण किया। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं। पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। अत÷ उसका कुछ अंश द्विजों (दांतों) को दान कर दिया। गोपबालकों ने जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दीङ्क'मां ! कन्हैया ने माटी खायी है।' उन भोले-भाले ग्वालबालों को यह नहीं मालूम था कि पृथ्वी ने जब गाय का रूप धारणकर भगवान को पुकारा तब भगवान पृथ्वी के घर आये हैं। पृथ्वी माटी,मिट्टी के रूप में है अत÷ जिसके घर आये हैं उसकी वस्तु तो खानी ही पड़ेगी। इसलिए यदि श्रीकृष्ण ने माटी खाली तो क्या हुआ? 'बालक माटी खायेगा तो रोगी हो जायेगा' ऐसा सोचकर यशोदामाता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। उन्होंने कान्हा का हाथ पकड़कर डाँटते हुये कहाङ्क'क्यों रे नटखट ! तू अब बहुत ढीठ हो गया है।श्रीकृष्ण ने कहाङ्क'मैया ! मैंने माटी कहां खायी है।' यशोदा मैया ने कहा कि अकेले में खायी है। श्रीकृष्ण ने कहा कि अकेले में खायी है तो किसने देखा? यशोदा मैया ने कहाङ्क'ग्वालों ने देखा। श्रीकृष्ण ने मैया से कहाङ्क'तू इनको बड़ा सत्यवादी मानती है तो मेरा मुंह तुम्हारे सामने है। तुझे विश्वास न हो तो मेरा मुख देख ले।''अच्छा खोल मुख।' माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। भगवान के साथ ऐश्वर्यशक्ति सदा रहती है। उसने सोचा कि यदि हमारे स्वामी के मुंह में माटी निकल आयी तो यशोदा मैया उनको मारेंगीऔर यदि माटी नहीं निकली तो दाऊ दादा पीटेंगे। इसलिए ऐसी कोई माया प्रकट करनी चाहिए जिससे माता व दाऊ दादा दोनों इधर-उधर हों जाएं और मैं अपने स्वामी को बीच के रास्ते से निकाल ले जाऊं। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदाजी ने देखा कि मुख में चर-अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप,समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्ण ज्योतिर्मण्डल, जल, तेज अर्थात्प्रकृति, महतत्त्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दीखने लगे। पूरा त्रिभुवन है, उसमें जम्बूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है, और उसमें यह ब्रज, ब्रज में नन्दबाबा का घर, घर में भी यशोदा और वह भी श्रीकृष्ण का हाथ पकड़े। बड़ा विस्मय हुआ माता को। अब श्रीकृष्ण ने देखा कि मैया ने तो मेरा असली तत्त्व ही पहचान लिया।

# भारतीय स्मारक, जिन्हे देखकर रह जायेंगे दंग, खूबसूरती है बेमिसाल



प्राचीन समय से ही भारत को इसकी सांस्कृतिक, सामाजिक और ऐतिहासिक सम्पन्नता के लिए जाना जाता है। भारत में मुगल काल से लेकर प्राचीन काल के साक्ष्य मौजूद है जिसमे रामायण काल और महाभारत काल के साक्ष्य भी शामिल है जो इसकी ऐतिहासिक धरोहर है। मुगल काल में निर्मित ऐतिहासिक धरोहरों को हम कैसे भूल सकते है। आइये आपको ले चलते है कुछ ऐसी ही भारतीय धरोहरों की सैर पर जिन्हे देख कर देश विदेश से आये पर्यटक दंग रह जाते है और उनको भारत के गौरवपूर्ण इतिहास का पता चलता है।

**हमारे देश में मुगल काल से लेकर प्राचीन काल के साक्ष्य मौजूद है जिसमे रामायण काल और महाभारत काल के साक्ष्य भी शामिल है जो इसकी ऐतिहासिक धरोहर है। चलते है कुछ ऐसी ही भारतीय धरोहरों की सैर पर जिन्हे देख कर देश विदेश से आये पर्यटक दंग रह जाते है और उनको भारत के गौरवपूर्ण इतिहास का पता चलता है।**

**हवा महल**

राजस्थान का नाम सुनते ही लोगो के मन में हवा महल की तस्वीर बन जाती है। हवा महल राजस्थान की पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह गुलाबी शहर का सबसे लोकप्रिय पर्यटक स्थल है इसका अर्थ है 'हवाओं का महल'। इसका निर्माण 1799 में महाराजा सवाई प्रताप सिंह ने बनवाया था। इसमें 950 से भी ज?यादा खिड़कियां है। यह महल लाल और गुलाबी बलुआ पत्थर से बना हुआ है और यह महल मधुमक्खियों के छत्ते की तरह से बनाया गया है।

**मैसूर महल**

इस महल में पर्यटकों की बहुत भीड़ होती है। शाम के समय इस महल में लाइट जलाई जाती है जिससे इसकी खूबसूरती और बढ़ जाती है। इस महल को अंबा पैलेस के नाम से भी जाना जाता है। महल के साथ-साथ यहां 44.2 मीटर ऊंचा एक पांचमंजिल का टावर भी है, जिसके गुंबद को सोने से बनाया गया है। इसका निर्माण 14वीं सदी में वाडियार राजाओं ने करवाया था। यह वाडियार महाराजाओं का निवास स्थान हुआ करता था। मैसूर पैलेस दविड़, पूर्वी और रोमन कला का अद्भुत संगम है।

**ताज महल**

ताज महल की गिनती विश्व के सात अजूबो में की जाती है। शायद ही कोई ऐसा विदेशी पर्यटक होगा जो इंडिया आये और ताज महल के दीदार करने ना पहुंचे। इसका निर्माण मुगल बादशाह शाहजहां ने अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में करवाया था। इसका निर्माण कार्य 1632 में शुरू हुआ और 1653 में ताजमहल बनकर तैयार हुआ। सफेद संगमरमर से बना यह मकबरा बहुत ही खूबसूरत है। ताजमहल भारतीय, पर्सियन और इस्लामिक वास्तुशिल्पीय शैली के मिश्रण का एक खूबसूरत नमूना है।

**लाल किला**

इस किले को 'लाल किला' इसकी दीवारों के लाल रंग के कारण कहा जाता है। यह किला बलुआ पत्थर से निर्मित है। विश्व धरोहर की लिस्ट में शामिल दुनिया के इस सर्वश्रेष्ठ किले के निर्माण मुगल सम्राट शाहजहां द्वारा 1638 ईसवी में कराया गया इसका असली नाम किला-ए-मुबारक है। मुगल शासन में शाही परिवार के लोग इसे मुबारक किला भी कहते थे। आजादी के बाद भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 15 अगस्त 1947 को यही पर तिरंगा फहराया था। तब से यह परंपरा चली आ रही है और हर स्वतंत्रता दिवस पर यहां लाल किले की प्राचीर पर झंडा फहराया जाता है। यहीं से देश के प्रधानमंत्री देश के लोगों को संबोधित करते है। लाल किला आप मंगलवार से रविवार तक सुबह 7 बजे से शाम 5:30 बजे के बीच कभी भी घूम सकते है। सोमवार को किला बंद रहता है।

# कम बजट में इन जगहों पर करें अपना हनीमून प्लॉन

जब भारत में बजट हनीमून डेस्टिनेशन की बात की जाती है, तो यकीनन इसमें शिमला को अवश्य शामिल किया जाना चाहिए। यह एक बेहद ही खूबसूरत जगह है, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ आइस स्केटिंग से लेकर पैराग्लाइडिंग जैसी एक्टिविटीज का आनंद ले सकते हैं।

शादी के बाद हनीमून पर तो हर कपल जाना चाहता है। लेकिन शादी के खर्चों के बाद हनीमून का खर्चा उठाना अक्सर काफी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका होता है कि आप अपने बजट में रहकर ही सही जगह का चयन करें। भले ही आप पहले से ही बहुत अधिक वित्तीय खर्चों का बोझ उठा चुके हैं, लेकिन हनीमून एक ऐसा समय होता है, जब कपल एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझ पाते हैं। इसलिए यह भी उतना ही अहम है। लेकिन हनीमून प्लॉन करना भी एक समझदारी भरा निर्णय होता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही बेहतरीन जगहों के बारे में बता रहे हैं, जहां पर आप कम बजट में भी अपना हनीमून प्लॉन कर सकते हैं-

**शिमला**

जब भारत मे बजट हनीमून डेस्टिनेशन की बात की जाती है, तो यकीनन इसमें शिमला को अवश्य शामिल किया जाना चाहिए। यह एक बेहद ही खूबसूरत जगह है, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ आइस स्केटिंग से लेकर पैराग्लाइडिंग जैसी एक्टिविटीज का आनंद ले सकते हैं। इसके अलावा, आप यहां पर कुछ अच्छी तस्वीरें क्लिक करके अपने हनीमून को हर पल की यादों को कैद कर लें। आप साल में कभी भी शिमला की यात्रा कर सकते हैं। हर मौसम की अपनी एक अलग खूबसूरती होती है।

**ऊटी**

नीलगिरी, हरे-भरे चाय के बागान और घुमावदार सड़कों से



युक्त ऊटी एक बेहद ही खूबसूरत हिल स्टेशन है। भारत में सबसे अच्छे किफायती हनीमून प्लेसेस में से एक, ऊटी में आपको प्रकृति के करीब रहने का अहसास होगा। आप यहां पर बॉटनिकल गार्डन, ऊटी झील और चाय बागानों का दौरा कर सकते हैं।

**गोवा**

गोवा को भारत में एक बेहतरीन हॉलिडे डेस्टिनेशन माना गया है। यह कपल्स के घूमने के लिए भी एक बेहतरीन जगह है। आप गोवा में ना केवल अपने पार्टनर के साथ बीच पर मस्ती कर सकते हैं, बल्कि कुछ वाटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकते हैं। इसके अलावा, यहां पर कई चर्च हैं, जो आपको बेहद ही रिलैक्सिंग फील करवाते हैं। गोवा में आप एक स्कूटी किराए पर लें और अपने पार्टनर के साथ घूमने निकल जाएं।

# भारत से तीन गुणा ज्यादा है चीन का रक्षा बजट

1 फरवरी को संसद में केंद्रीय बजट पेश किए जाने से पहले भारत का रक्षा क्षेत्र सुर्खियों में है। विशेषज्ञ इस साल के बजट में रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी की उम्मीद करते हैं। इसके पीछे का प्रमुख कारण ताजा हालात है। चीन के साथ सीमा मुद्दों और रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध कुछ ऐसे प्रमुख कारक हैं जिन पर सरकार को इस क्षेत्र को धन आवंटित करते हुए इसमें इजाफे की आवश्यकता होगी। 2017 से सीमा पर चीनी कार्रवाइयों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अगले दशक में एक ज्यादा बड़ी परेशानी का सामना कर रहा है। हमारे रक्षा बजट में सुरक्षा वातावरण में इस मूलभूत परिवर्तन को दिखना चाहिए।

रक्षा बजट में उल्लेखनीय वृद्धि की क्यों की जानी चाहिए

1. 2017 के दौरान से अधिक और इससे भी पहले भी कई मौकों पर भारत चीन के साथ अपनी सीमा पर तनाव का सामना कर रहा है। विशेष रूप से भूटान के पास लद्दाख से लेकर उत्तर पूर्व के इलाकों में चीनी घुसपैठ की कोशिशें बढ़ी हैं।

2. पाकिस्तान के साथ भारत की सीमा हमेशा अस्थिर रही है।

3. कश्मीर को सीमा पार घुसपैठ से मजबूत रक्षा की जरूरत है।

4. पाकिस्तान-चीन राजमार्ग भारतीय क्षेत्र से होकर गुजरते हैं, जिसकी निगरानी करने और अंततः नियंत्रण करने की आवश्यकता है।

5. क्वाड चाहता है कि भारत हिंद महासागर से गुजरने वाले समुद्री व्यापार मार्गों की रक्षा करने में एक मजबूत भूमिका निभाए।

**भारत के रक्षा बजट में होगा इजाफा?**

रचीन का रक्षा बजट भारत के रक्षा बजट 5.25 लाख करोड़ रुपये (लगभग 70 अरब डॉलर) के मुकाबले तीन गुना है। उसका कुल रक्षा बजट 209 अरब डॉलर है। रक्षा विषेषज्ञों का मानना है कि रक्षा बजट करीब 6.6 लाख करोड़ रुपये होने की संभावना है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि श्यह संभव है कि यह देश के रक्षा बलों को मजबूत करने के महत्व को देखते हुए और भी अधिक हो सकता है जो कई वर्षों से कुछ हथियार प्रणालियों के आगमन और पड़ोस में नित उत्पन्न खतरों से निपटने में सेना को औ? सक्षम बना सके। वायु सेना को पूंजीगत उपकरणों के लिए उच्चतम आवंटन की आवश्यकता होगी, उसके बाद नौसेना और उसके बाद सेना होगी जो नवीनतम हथियार प्रणालियों के साथ पर्याप्त रूप से सशस्त्र होने में पिछड़ गई है। रक्षा उत्पादों के लिए सरकार के मेक इन इंडिया के कारण रक्षा क्षेत्र सुर्खियों में रहा है। इसने भारतीय रक्षा कंपनियों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं जिन्हें भारत सरकार और विदेशी कंपनियों से ऑर्डर मिल रहे हैं।



# स्किन के रूखेपन को दूर करेंगी ये चीजें

शहद को स्किन के रूखेपन को दूर करने के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं और यह एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजर के रूप में काम करता है। आप चाहें तो इसे सीधे ही अपनी स्किन पर लगाएं।

हर व्यक्ति की स्किन अलग होती है। जिनकी स्किन रूखी होती है, उन्हें हमेशा अपनी त्वचा में एक इचीनेस की समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जरूरत होती है कि आप अपनी स्किन का अतिरिक्त ख्याल रखें। स्किन के रूखेपन को दूर करने के लिए आपको अपने स्किन केयर रूटीन में कुछ बेहद ही हाइड्रेटिंग व मॉइश्चराइजिंग इंग्रीडिएंट्स को शामिल करने की जरूरत होती है। आप कुछ नेचुरल आइटम्स को अपनी स्किन पर अप्लाई करें। आपको कुछ ही समय में अपनी स्किन में अंतर नजर आने लगता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही चीजों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपकी स्किन पर लगाकर रूखेपन की समस्या से निजात पा सकते हैं-



**शहद**

शहद को स्किन के रूखेपन को दूर करने के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं और यह एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजर के रूप में काम करता है। आप चाहें तो इसे सीधे ही अपनी स्किन पर लगाएं। इसके अलावा, आप इसकी मदद से एक बेहतरीन फेस पैक भी बना सकती हैं। आप इसमें थोड़ा दूध मिक्स करके बतौर फेस पैक स्किन पर लगाएं।

**नारियल तेल और मेथीदाने का करें इस्तेमाल**

स्किन के रूखेपन को दूर करने में ऑयल्स एक बेहद ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन्हीं में से एक है नारियल का तेल। आप इसे मेथीदाने के साथ लगाएं। आपको बस इतना करना है कि आप मेथी दाने को नारियल तेल के साथ पीसकर एक पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को हफ्ते में एक या दो बार अपनी स्किन पर लगाएं। मेथी में पाया जाने वाला म्यूसिलेज एक ईमोलिएंट के रूप में काम करता है जो त्वचा को मॉइस्चराइज करता है जिससे रूखापन दूर होता है।

**एलोवेरा जेल का करें इस्तेमाल**

एलोवेरा की पत्तियों में स्किन हीलिंग गुण होते हैं। आप इसे सीधे अपनी स्किन पर लगा सकती हैं। इसके अलावा, अगर आप चाहें तो दही या नारियल तेल में भी एलोवेरा जेल मिक्स करके उसे बतौर फेस पैक अपनी स्किन पर लगा सकते हैं। यह आपकी स्किन को नमी प्रदान करने के साथ-साथ उसे अधिक ब्राइटन भी करेगा।

# इन सितारों के वैक्स स्टैच्यू देख नहीं होगा यकीन




लंदन के वर्ल्ड फेमस मैडम तुसाद वैक्स म्यूजियम में न सिर्फ बॉलीवुड सितारों के वैक्स स्टैच्यू लगे हैं, बल्कि स्पोर्ट्स और म्यूजिक सहित कई क्षेत्रों से जुड़े सितारों के स्टैच्यू भी आपको मिल जाएंगे। इस म्यूजियम में अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या राय, ऋतिक रोशन समेत कई बॉलीवुड सितारों के स्टैच्यू हैं, जो हूबहू उनकी तरह दिखते हैं। लेकिन सोचिए अगर कभी आप मैडम तुसाद जाएं और वहां जाकर अपने पसंदीदा सितारे के स्टैच्यू को देख खुशी से पहले हैरानी हो तो क्या होगा? अब आप सोच रहे होंगे कि हम ऐसा क्यों कह रहे हैं? तो इसलिए क्योंकि कुछ सितारों के स्टैच्यू लंदन के मैडम तुसाद में न होकर दूसरे देशों के म्यूजियम में लगे हैं, जिनमें से कुछ इतने अजीब हैं कि इन्हें देखकर एक बार को तो आपकी हंसी ही छूट जाएगी। और आज हम आपको कुछ ऐसे ही सितारों के वैक्स स्टैच्यू के बारे में बता रहे हैं, जो उनके लुक से मेल नहीं खाते।

**ऐश्वर्या राय**

दुनिया की सबसे खूबसूरत महिलाओं में से एक ऐश्वर्या राय पहली बॉलीवुड सेलेब्रिटी थीं, जिनका स्टैच्यू लंदन के मैडम तुसाद में लगा था। लंदन के अलावा भी कई म्यूजियम में ऐश्वर्या का स्टैच्यू लगा है, जिनमें से एक में लगे अभिनेत्री के इस स्टैच्यू को देख हैरानी होती है। यह स्टैच्यू ऐश्वर्या की खूबसूरती के आसपास भी नहीं है और बेहद अजीब सा लगता है।

**माधुरी दीक्षित**

बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित ने अपनी मुस्कान से लाखों दिलों पर राज किया है। लेकिन इस स्टैचू में उनकी मुस्कान और चेहरे को बड़े ही बेढंग तरीके से बनाया गया है, जो बिल्कुल भी अच्छा नहीं लग रहा है। इस स्टैच्यू में माधुरी, माधुरी ही नहीं लग रही हैं।

**रणवीर सिंह**

पेरिस के ग्रेविन में लगा रणवीर सिंह का यह वैक्स स्टैच्यू कहीं से भी अभिनेता के लुक्स के साथ इंसाफ नहीं करता। इस स्टैच्यू में रणवीर बेहद अजीब लग रहे हैं। अभिनेता की मुस्कान और चेहरा कुछ अजीब सा प्रतीत होता है।।

**कटरीना कैफ**

कटरीना कैफ के वैक्स स्टैच्यू दुनिया भर के तीन अलग-अलग म्यूजियम में मौजूद हैं। लेकिन इसमें से किसी भी वह खुद के जैसी नहीं लग रही हैं। हर स्टैच्यू को देख आपको उसमें कुछ न कुछ कमी जरूर खलेगी। इस स्टैच्यू में भी कटरीना एकदम अलग लग रही हैं।

# फिल्म 'पठान' चौथे दिन पार किया 400 करोड़ का आकड़ा

फिल्म 'पठान' की रिलीज के साथ बड़े पर्दे पर बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान की धमाकेदार वापसी कर ली है। अभिनेता की फिल्म सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दुनियाभर में धमाल मचाए हुए है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ताबड़तोड़ कमाई करते हुए एक के बाद एक रिकॉर्ड तोड़ और सेट कर रही है। फिल्म में शाहरुख के दमदार एक्शन, सलमान खान के कैमियो, दीपिका की हॉट अदाओं और जॉन अब्राहम की जबरदस्त नेगेटिव एक्टिंग ने लोगों का इस कदर जीता है कि हर दिन बॉक्स ऑफिस पर पठान के लगभग सभी शो हॉउसफुल हैं। इतना ही नहीं लोग किंग की सिल्वर स्क्रीन पर वापसी और पठान की सफलता का बड़े जबरदस्त तरीके से जश्न मनाते नजर आ रहे हैं, जिसका अंदाजा आप हाल ही में वायरल हुई वीडियो को देखकर लगा सकते हैं।

**'झूमे जो पठान' गाने पर नाचकर फैंस ने मनाया जश्न**

सोशल मीडिया पर फैंस का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह थिएटर के अंदर पठान के गाने 'झूमे जो पठान' गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में, पठान फिल्म की एंडिंग के समय 'झूमे जो पठान' बजते ही फैंस को सीट से उठकर स्क्रीन के आगे खाली जगह पर इकट्ठा होते देखा जा सकता है। फिर फैंस किंग खान और दीपिका पादुकोण के स्टेप के साथ स्टेप मिलाकर डांस करते नजर आ रहे हैं। वहीं कुछ अन्य अपनी ही धुन में डांस कर रहे हैं। फैंस के इस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल होने में ज्यादा समय नहीं लगा। वीडियो वायरल होते ही इसपर लोगों की प्रतिक्रिया भी सामने आ रही है। बता दें, इससे पहले भी पठान के क्रेजी फैंस के इस तरह के वीडियो वायरल हो चुके हैं। लोग किंग खान की बड़े पर्दे पर वापसी को एक त्योहार की तरह मना रहे हैं। 400 करोड़ के पार पहुंची पठान शाहरुख खान की 'पठान' की हर दिन की कमाई एक नया रिकॉर्ड सेट करने में लगी हुई है। फिल्म 25 जनवरी को दुनियाभर में रिलीज हुई थी। पठान ने महज चार दिनों में भारत में 200 करोड़ का आकड़ा पार कर लिया है। वहीं दुनियाभर में कमाई की बात करें तो फिल्म ने अबतक 400 करोड़ का आकड़ा पार कर लिया है। बता दें, पठान ओपनिंग दिन पर 57 करोड़ की कमाई की थी। इसी के साथ यह फिल्म भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्म बन गई है।



## Aarya 3 is Back!

# सुष्मिता सेनने मशहूर सीरीज आर्या के तीसरे सीजन की शूटिंग शुरू की





बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन जिन्होंने अपनी वेब सीरीज आर्या से बहुतों का दिल जीता हैं। अब आर्या के दो सीजन के सुपरहिट होने के बाद एक्ट्रेस ने तीसरे सीजन की की शूटिंग शुरू कर दी है। पहले दो सीजन के सफल होने के बाद निमार्ता आर्या 3 के साथ फिर से वापस आ गए हैं। इस बार कहानी में कई ट्विस्ट और टर्न के साथ आगे की कहानी को आगे बढ़ाया जाएगा। सुष्मिता ने ट्विटर पर शूटिंग के बारे में प्रशंसकों के लिए एक वीडियो शेयर किया है। सुष्मिता सेन ने शुरू की आर्या 3 की शूटिंग आर्या की कहानी में पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन मुख्य भूमिका निभा रही हैं। राम माधवानी और संदीप मोदी द्वारा सहयोग से बनाया गया आर्या सीजन 3 का प्रीमियर पिछले दो सीजन की तरह ही डिज्नी+हॉटस्टार पर होगा। 30 जनवरी को सुष्मिता ने ट्विटर पर सीजन 3 की शूटिंग की शुरूआत की घोषणा करते हुए एक वीडियो साझा किया। वीडियो में एक्ट्रेस बंदूक लोड करते समय सिगार काटती और जलाती नजर आ रही हैं। सस्पेंस भरे गाने के बाद, अभिनेत्री को सिगार पीते हुए देखा जा सकता है।

**आर्या सीजन 3 पर सुष्मिता सेन ने क्या कहा?**

इससे पहले आर्या के नए सीजन के बारे में बात करते हुए, सुष्मिता सेन ने कहा, ङ्कयह आर्या सरीन के लिए एक नई सुबह है। सीजन 3 में आर्या अपने अतीत की बाधाओं से मुक्त होकर अपनी कहानी शुरू कर रही है। आर्या की भूमिका को फिर से निभाना पुरानी जींस में फिसलने जैसा है। राम माधवानी और डिज्नी+ हॉटस्टार टीम के साथ वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। दर्शकों ने आर्या पर जो प्यार और सराहना की है, उसे लौटाने के लिए मैं और इंतजार नहीं कर सकती।




# वरुण धवन के फैंस को मिल सकता है बड़ा सरप्राइज, सीक्रेट प्रोजेक्ट मिशन पर निकले एक्टर

बॉलीवुड के उभरते हुए स्टार कहे जाने वाले वरुण धवन इन दिनों खूब लाइमलाइट में बने हुए हैं। दरअसल हाल ही में एक्टर की फिल्म भेड़िया परदे पर रिलीज हुई थी। जिसे दर्शकों का अच्छा-खासा रिस्पांस मिलता हुआ दिखाई दिया था। ऐसे में अब लगता है की वरुण धवन के फैंस को एक और बड़ा सरप्राइज



मिलने वाला हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे हैं बल्कि खुद वरुण धवन की इंस्टाग्राम की हालिया स्टोरी ये बात कह रही हैं। दरअसल वरुण धवन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो साझा किया है। इसमें वह तेज रफ्तार में सड़क पर अपनी कार दौड़ाते नजर आ रहे हैं। वह बिल्कुल सुबह का नजारा है, जब दिन भी ठीक से नहीं निकला। साझा किए गए पोस्ट में गाना चल रहा है, ये जो यादें हैं। इसके साथ वरुण धवन ने लिखा है, सीक्रेट प्रोजेक्ट के लिए पैकअप। इसके बाद उनके फैंस यह जानने के लिए बेकरार नजर आ रहे हैं कि आखिर वरुण धवन किस सीक्रेट प्रोजेक्ट का जिक्र कर रहे हैं। क्या वह किसी नई फिल्म का एलान करने वाले हैं? हालांकि, इस राज से पर्दा तो वरुण ही उठा सकते हैं, देखना दिलचस्प होगा कि एक्टर कब चुप्पी तोड़ते हैं। अब एक्टर का ये पोस्ट देख सभी लोग यही कयास लगाते हुए दिख रहे है की वरुण कब इस प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारियां साझा करेंगे। गौरतलब है कि सीक्रेट प्रोजेक्ट से अलग वरुण धवन इन दिनों फैमिली मैन फेम राज और डीके के निर्देशन में सिटाडेल की शूटिंग में व्यस्त हैं। बता दें कि सिटाडेल इसी नाम की पॉपुलर अमेरिकन सीरीज का भारतीय वर्जन है। वरुण इस सीरीज के जरिए वेब डेब्यू करने जा रहे हैं। बता दें कि वरुण धवन पहली बार राज और डीके के साथ काम कर रहे हैं। वरुण इसमें साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु के साथ नजर आएंगे।

# पठान को लेकर कंगना रनौत और उर्फी जावेद के बीच छिड़ी जुबानी जंग

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म पठान इन दिनों लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म ने महज 5 दिन में दुनियाभर में 500 करोड़ की कमाई कर ली है। पठान को लेकर लोगों के बीच अलग ही क्रेज बना हुआ है, पठान का हर शो हाउसफुल जा रहा है। पठान रिलीज के बाद तो चर्चा में बनी ही है मगर ये फिल्म रिलीज से पहले भी काफी विवादों के चलते सुर्खियों में बनी हुई थी। जहां एक तरफ पठान के आने से बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड की बहार आ गई है। वहीं, पठान की रिलीज के आस-पास ही बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनौत भी ट्वीटर पर लौट आई हैं। कंगना की जब से ट्वीटर पर वापसी हुई है तब से वो एक्टिव मोड़ में नजर आ रही हैं।


**पेपर आपका**

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र लखनऊ स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, शुभी, त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29 पुराना किला कैंट रोड हुसैनगंज लखनऊ 226001 (उ0प्र0) से मुद्रित एवं पता सी 3242 सपना कॉलोनी राजाजीपुरम लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाशित।

सम्पादक
शुभी

प्रधान सम्पादक
वि.के. सिंह

संपादकीय फोन
8429292936 (पी.आर. बी. एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी)

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होगा।



# दो स्मैक तस्कर मय हथियार के पकड़े

**ग्वालियर।** जिले में अवैध मादक पदार्थों व अवैध शराब की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। बीती दरमियानी रात्रि थाना ग्वालियर पुलिस ने दो तस्करों को मय स्मैक और हथियार के पकड़ा है। पुलिस को काली माता मंदिर के पास, घासमण्डी रोड पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को काले रंग की हीरो स्पलेण्डर मोटर सायकिल से आने की सूचना मिली थी। जिस पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुये उन्हें घेराबंदी कर धर दबोच लिय। पकड़े गये संदिग्धों से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ किये जाने पर उन्होंने स्वयं को पनिहार जिला ग्वालियर व पहाड़गढ़ जिला मुरैना का रहने वाला बताया। पकड़े गये संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी लेने पर एक व्यक्ति की कमर में 1 देशी पिस्टल मय 2 जिंदा राउण्ड के खुरसी मिली एवं दूसरे व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसकी पेंट की जेब में 16 ग्राम स्मैक रखी मिली। पकड़े गये स्मैक तस्करों से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि वह स्मैक की पुड़िया बनाकर ग्राहकों को सप्लाई किया करते थे। एक बदमाश के विरूद्ध विभिन्न थानों में हत्या का प्रयास, मारपीट व आर्म्स के प्रकरण तथा दूसरे व्यक्ति के विरूद्ध लूट का एक प्रकरण थाना बहोड़ापुर में पंजीबद्ध है।

# कांग्रेस पार्टी संत रविदास जयंती धूमधाम से मनाएगी, कमलनाथ आयेंगे

**ग्वालियर।** ग्वालियर पूर्व विधानसभा के पांचों ब्लॉक में आज एक साथ एक ही समय पर बैठकें आयोजित की गई। ग्वालियर पूर्व विधानसभा के ब्लॉक गोला का मंदिर में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, ब्लॉक मेला ग्राउण्ड में संगठन मंत्री सुरेन्द्र यादव, ब्लॉक मुरार में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, ब्लॉक थाठीपुर में प्रदेश प्रवक्ता राम पाण्डे एवं ब्लॉक इंद्रगंज में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष महाराज सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में बैठकें हुई। बैठक में कांग्रेस पार्टी के जिला पदाधिकारी और पार्टी के सहयोगी संगठन के पदाधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठकों में मुख्य अतिथियों ने कार्यकर्ताओं को आगामी 5 फरवरी को संत रविदास जयंती एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के ग्वालियर आगमन की तैयारियों को लेकर सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठकों में कहा गया की संत रविदास जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी और संत रविदास जी के अनुयाइयों का सम्मान किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम थाटीपुर दशहरा मैदान पर आयोजित होगा, जिसमे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता गण मौजूद रहेंगे। विधायक डा. सतीश सिकरवार ने कहा कि कमलनाथ जी का ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा । उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता अपने - अपने क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में लोगों को लेकर कार्यक्रम में पहुंचे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बैठक में कहा कि संत रविदास जयंती बड़े स्तर पर कांग्रेस मनाएगी और हमे हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को भी गति देना है। कार्यकारी अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल ने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में अपनी भागीदारी बढ़ चढ़ कर करें और थाटीपुर दशहरा मैदान में आयोजित संत रविदास जयंती कार्यक्रम में पहुंचे। कांग्रेस पार्टी ने संत रविदास जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला अध्यक्ष शर्मा ने कार्यकताओं को अलग, अलग जिम्मेदारियां सौंपी हैं,साथ ही बुधवार को कार्यक्रम का स्थल निरीक्षण दोपहर 12 बजे करेंगे।





# चेम्बर भवन में आयोजित सम्पत्ति कर शिविर में 679500 धनराशि हुई जमा

**ग्वालियर ।** सदस्यगणों की सुविधा हेतु आज पुनः प्रातः 12 से सायं 5 बजे तक 'चेम्बर भवन' में नगर-निगम ग्वालियर के सहयोग से सभी 66 वार्डो का सम्पत्ति कर शिविर आयोजित किया गया । अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल ने अवगत कराया है कि आज के सम्पत्ति कर शिविर में कुल 101 रसीद कटी और रु. 6,79,500 की धनराशि सम्पत्ति कर के रूप में जमा हुई ।

# बिजली उपभोक्ता सेवाओं में सुधार के सतत प्रयास जारीः ऊर्जा मंत्री

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत प्रदाय संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए केन्द्रीयकृत कॉल सेंटरों (1912) को क्रियाशील कर, उनकी क्षमतावृद्धि की गई है। शिकायतों के निराकरण उपरांत उपभोक्ता संतुष्टि के लिए फीडबैक व्यवस्था का भी प्रावधान है। असंतुष्ट उपभोक्ताओं से मैदानी अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत सम्पर्क कर, समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि बिजली उपभोक्ता सेवाओं में सुधार के लिए सतत प्रयास जारी हैं।

# अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिताः कृषि महाविद्यालय कई मुकाबलों में रहा अव्वल

**ग्वालियर।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर की अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन भी पांचों महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्षन देखने का मिला। कृषि महाविद्यालय के खेल अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. सत्यप्रकाष तोमर ने यह जानकारी दी कि इन प्रतियोगिताओं में कृषि महाविद्यालय, इंदौर के अलावा ग्वालियर, खंडवा, सीहोर एवं मंदसौर की टीमें हिस्सा ले रही हैं। दूसरे दिन की प्रतियोगिताओं में बालीवाल, कबड्डी, कैरम, बैडमिंटन, टेबल टेनिस एवं खो-खो की प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। **दूसरे दिन हुई स्पर्धाओं में ये रहे विजेता**–1500 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में ग्वालियर के छात्र पवन कटारे को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ तथा सिल्वर मेडल सीहोर के छात्र ने प्राप्त किया है। वहीं 1500 मीटर महिला वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में ग्वालियर को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ तथा मंदसौर की छात्रा को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ । वॉलीबॉल की कड़ी स्पर्धा में ग्वालियर एवं मंदसौर के बीच हुये मुकाबले में बेस्ट ऑफ थ्री में मंदसौर ने जीत हासिल की। फाइनल मुकाबला मंदसौर एवं इंदौर के बीच होगा। 4-100 की रिले रेस महिला वर्ग में ग्वालियर की छात्राएं नीतू चैधरी, करूणा पाटीदार, महिमा बेलदार, अल्पना कुमहारे प्रथम रही। शॉटपुट में ग्वालियर की छात्रा महिला वर्ग में कषिष यादव प्रथम रही। टेबल टेनिस में महिला वर्ग के इंदौर विजेता एवं टेबल टेनिस पुरुष वर्ग में सीहोर विजेता रहा।कबड्डी में मंदसौर एवं सीहोर के बीच हुए मुकाबले में मदंसौर टीम और इंदौर एवं खंडवा के बीच हुए मुकाबले में इंदौर विजयी रही।



# कॉम्बिंग गश्त कर पुलिस ने पकड़े हिस्ट्रीशीटर, स्मैक तस्कर

**ग्वालियर।** जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने व आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से पुलिस ने बीती दरम्यानी रात्रि काम्बिंग गश्त किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर मृगाखी डेका, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (दक्षिण) श्रीमोती उररहमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (पश्चिम) गजेन्द्र वर्धमान तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जयराज कुबेर एवं समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों के साथ मय पुलिस बल के शहर एवं देहात क्षेत्र में पैदल कॉम्बिंग गश्त किया। पुलिस की काम्बिंग गश्त से बदमाशों में हडकंप मच गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा टीमें बनाकर शहर व देहात क्षेत्रों में चिन्हित संवेदनशील इलाकों में भी गश्त की गई। इस दौरान 149 गिरफ्तारी वारंट, 95 स्थाई वारंट तामील कराये गये। साथ ही 187 गुण्डा एवं 182 हिस्ट्रीशीटरों को चैक किया गया। अवैध शराब की तस्करी करने वाले 44व्यक्तियों, सट्टा खिला रहे 5 सटोरियों, जुआ के 3 तथा अवैध हथियार के 1 प्रकरण में आरोपियों को पकड़ा गया। काम्बिंग गश्त के दौरान थाना झांसी रोड पुलिस द्वारा धारा 307 एवं 376 भादवि के अपराध में फरार आरोपियों को पकड़ा गया। थाना हजीरा पुलिस द्वारा एक बदमाश के पास से बका एवं हजीरा व कम्पू पुलिस द्वारा जुआ खेलते हुए लोगों को पकड़ा गया। थाना ग्वालियर व पुरानी छावनी पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट में एक-एक आरोपी को पकड़ा गया, जिसमें थाना ग्वालियर पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट में पकड़े गये दो आरोपियों के पास से 16 ग्राम स्मैक तथा एक पिस्टल मय दो जिंदा राउण्ड के जब्त की गई एवं पुरानी छावनी पुलिस द्वारा स्मैक पीने वाले पर कार्यवाही की गई। पुलिस टीमों द्वारा इस अभियान के दौरान कई सक्रिय बदमाशों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई, साथ ही गुण्डों एवं हिस्ट्रीशीटरों के रिकॉर्ड को अपडेट किया। शहर व देहात क्षेत्र की गली मौहल्लों में घूमकर पुलिस ने गुण्डे, बदमाशों की धरपकड़ की। पुलिस अधीक्षक अमित सांघी द्वारा आगामी त्यौहारों में बाजारों में होने वाली भीड़-भाड़ को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से यह कॉम्बिंग गश्त करायी जा रही है।



# अखिल भारतीय भवभूति समारोह का हुआ समापन

**ग्वालियर।** जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन और महाकवि भवभूति शोध एवं शिक्षा समिति ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय अखिल भारतीय भवभूति समारोह का समापन नगर निगम ग्वालियर द्वारा संस्कृत के विद्वानों को शॉल एवं श्रीफल प्रदान कर किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्वालियर की महापौर डॉ.शोभा सिकरवार, विशिष्ट अतिथि के रूप में कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के डॉ.संतोष पण्ड्या एवं अध्यक्षता जेयू के कुलपति प्रो.अविनाश तिवारी ने की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महापौर डॉ. शोभा सिकरवार ने कहा कि गालव ॠषि की इस पवित्र तपोभूमि पर देश भर से पधारे संस्कृत विद्वानों का सम्मान कर नगर निगम गौरवान्वित है। प्राचीन संस्कृति की धरोहर संस्कृत भाषा के विद्वानों से ही भारतीय समाज अनुप्राणित है।अध्यक्षता कर रहे जेयू के कुलपति प्रो.अविनाश तिवारी ने कहा कि महाकवि भवभूति के साहित्य की सेवा में निरन्तर लगे संस्कृत विद्वानों का आतिथ्य कर जीवाजी विश्वविद्यालय स्वंय को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। भवभूति समारोह और भवभूति साहित्य के लिए जीवाजी विश्वविद्यालय हर प्रकार के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेगा।इस अवसर पर शोध संगोष्ठी के द्वितीय सत्र में 10 से अधिक शोध पत्रों का वाचन किया गया एवं संस्कृत कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया।कार्यक्रम का संचालन डॉ.विकास शुक्ला और आभार व्यक्त अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.एस.के.द्विवेदी ने किया।

**इनको किया गया सम्मानित**–कार्यक्रम के अन्त में महापौर डॉ.शोभा सिकरवार द्वारा शॉल एवं श्रीफल प्रदान कर प्रो. मनुलता शर्मा, डॉ. विजय कुमार पाण्डेय, डॉ. लक्ष्मी नारायण पाण्डेय, डॉ. रामलखन पाण्डेय, डॉ. कौशल तिवारी, डॉ. ओमप्रकाश दुबे, डॉ. वनमाली विश्वास, डॉ. बाबूलाल मीणा, डॉ. आशा शर्मा, डॉ. बालकृष्ण शर्मा, डॉ. कृष्णा जैन, डॉ. मनीष खैमरिया, डॉ. आशा सिंह रावत, डॉ. नीरज शर्मा, डॉ. हिमांशु द्विवेदी को सम्मानित किया गया।



# सुर सरिता संगीत समूह का म्यूजिकल कार्यक्रम ऑर्केस्ट्रा पर प्रस्तुत

सेंट्रल जेल प्रांगण में सुर सरिता संगीत समूह द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर एक म्यूजिकल कार्यक्रम ऑर्केस्ट्रा पर प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेल अधीक्षक विदित सिरवैया, सहायक अधीक्षक प्रवीण त्रिपाठी एवं राघवेंद्र सिंह मंच पर शोभायमान रहे ।सर्वप्रथम मां शारदा देवी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर संगीत का विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात सुर सरिता संगीत ग्रुप के किए गए कार्यों को संक्षिप्त में बताया गया। इसके बाद सर्वप्रथम ग्रुप के सभी साथियों ने मिलकर एक सामूहिक देश भक्ति का गीत ....

दिल दिया है जान भी देंगे ए वतन तेरे लिए

इस गीत पर सभी बंदियों ने खुलकर प्रशंसा की

फिर मनीष खरे ने

मेरे देश प्रेमियों आपस में प्रेम करो 卐गीत प्रस्तुत किया।

इसके उपरांत अवध गुप्ता ने एक भजन

हे रे कन्हैया किसको कहेगा तू मैया

गीत किया।

# ग्वालियर में हुआ खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आगाज, पहले दिन कर्नाटक के शटलरों का जलवा

**ग्वालियर।** ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर में मंगलवार 31 जनवरी को बैडमिंटन प्रतियोगिता के साथ खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 का आगाज हुआ। यहाँ कम्पू खेल परिसर स्थित पुलेला गोपीचंद मध्यप्रदेश उत्कृष्ट बैडमिंटन अकादमी में जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी ने पहले मैच में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। ज्ञात हो खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 का भव्य एवं रंगारंग शुभारंभ 30 जनवरी को भोपाल के तात्याटोपे स्टेडियम में हुआ। ऐतिहासिक ग्वालियर शहर खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत बैडमिंटन, जिमनास्टिक्स, हॉकी और कलरीपयट्टू की मेजबानी कर रहा है। कम्पू खेल परिसर स्थित मध्यप्रदेश बैडमिंटन अकादमी में मंगलवार से शुरू हुई बैडमिंटन प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के पहले मैच में कर्नाटक की शटलर कर्णिका श्री ने सीधे सेटों में छत्तीसगढ़ की हीरल चौहान को 21-18 व 21-17 से हराया। बालक वर्ग के पहले मैच में कर्नाटक के निकोलस नाथन राज ने राजस्थान के संस्कार सारस्वत को 14-21, 21- 09 व 21-13 से शिकस्त दी। बैडमिंटन प्रतियोगिता के पहले दिन हुए अन्य मैचों में कर्नाटक के सात्विक शंकर ने दमनद्वीव के हर्ष चदसामा को 21-06, 21-09 से, पंजाब के अभिनव ठाकुर ने तमिलनाडु स्टेट के सात्विक रेड्डी को 21-07 व 21-11 से, उत्तरप्रदेश के गार्गिल गार्गी ने दमनद्वीव के अक्षयराज कुमार को 21-05 व 21-06 से, कर्नाटक के तुषार सुबीर ने मध्यप्रदेश के उदय मुक्ति को 21-11 व 21-11 से, महाराष्ट्र की नायशा कौर भटोए ने राजस्थान की साक्षी फोगाट को सीधे सेटों में 21-18 व 21-10 एवं हरियाणा के मनराज सिंह ने कर्नाटक के आयुष शेट्टी (2) को 21-18 व 21-13 से हराया। मध्यप्रदेश की शटलर एश्वर्या मेहता, आंध्रप्रदेश की रस्मिता दोनेपुड़ी और तमिलनाडु के लोकेश रेड्डी को वॉकओवर मिला। ग्वालियर स्थित एलएनआईपीई (लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन) में एक फरवरी से जिमनास्टिक्स प्रतियोगिता शुरू होंगीं। इसमें देश भर के 200 से अधिक जिमनास्ट शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। टीम मध्य प्रदेश में 18 जिमनास्ट (7 पुरुष और 11 महिला) भाग लेंगे। मध्य प्रदेश महिला जिम्नास्टिक टीम की कोच सुश्री मेघा साहू का कहना है कि उन्हें अपनी बालिका जिम्नास्टों से पदकों की बड़ी उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्नास्ट मानसिक रूप से तनावग्रस्त नहीं हैं। हमारी लड़कियों ने कड़ी मेहनत की है और हम यहाँ पदक जरूर प्राप्त करेंगे। मध्यप्रदेश महिला जिम्नास्टिक टीम में ग्यारह लड़कियां विभिनन प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लेंगीं। जिनमें पांच लड़कियां रिदमिक जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में भाग लेंगी, जबकि अन्य 6 बालिकायें कलात्मक जिम्नास्टिक प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी। मध्यप्रदेश बालक जिम्नास्टिक टीम के सात खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मध्यप्रदेश बॉयज जिम्नास्टिक टीम के कोच सतनारायण पड़वार ने कहा है कि उनकी टीम के सातों लड़के पूरी तरह से फिट है और प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, यह अनुमान लगाना संभव नहीं है कि हम कितने पदक जीतेंगे लेकिन मुझे अपने लड़कों से कम से कम तीन से चार पदक मिलने की उम्मीद है। जिम्नास्ट दीपेश लश्करी और घनश्याम बिल्लोरे से पदकों का पूरा भरोसा है। टीम के अन्य जिम्नास्ट से भी मध्यप्रदेश को पदकों की उम्मीद है।



# पुलिस ने सवा लाख के ईनामी दस्यु केशव गुर्जर को दबोचा

धौलपुर। चंबल के बीहड़ में सक्रिय दस्युओं के सफाए के लिए अभियान के तहत सोमवार को जिला पुलिस को बडी सफलता मिली है। जिले के सेवर पाली इलाके में पुलिस की कुख्यात दस्यु केशव गुर्जर के साथ हुई मुठभेड में पुलिस ने रीब सवा लाख के ईनामी दस्यु केशव गुर्जर को धर दबोचा है। मुठभेड के दौरान दस्यु केशव गुर्जर के पैर में गोली लगी है तथा पुलिस ने उसे उपचार के लिए धौलपुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। भरतपुर रेंज के आईजी गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि चंबल के बीहड क्षेत्र में दस्यु केशव गुर्जर की गतिविधियों में बढोतरी के बाद में दस्यु केशव पुलिस के लिए मेन टारगेट था। बीती रात पुलिस को दस्यु केशव गुर्जर के धौलपुर जिले के सेवर पाली इलाके में छिपे होने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर धौलपुर के जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह की अगुवाई में कई थानों की पुलिस, क्यूआरटी तथा डीएसटी टीम ने इलाके की घेराबंदी की। चंबल के बीहड में बरसात के कारण कम विजिविलिटी के बावजूद पुलिस ने पूरी रात बीहड में सर्च अभियान चलाया। सोमवार तडके पुलिस की दस्यु केशव के साथ मुठभेड हुई। करीब चार घंटे तक चली मुठभेड में दस्यु केशव गुर्जर के पैर में गोली लगी तथा पुलिस ने उसे धर दबोचा। पुलिस ने दस्यु केशव गुर्जर को धौलपुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया है,जहां उसका उपचार चल रहा है। श्रीवास्तव ने बताया कि मुठभेड में पुलिस तथा किसी सिविलियन को कोई चोट या नुकसान नहीं हुआ है। पुलिस के कुछ जवानों की बुलेट प्रूफ जैकेट पर फायर लगे हैं। धौलपुर के जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि दस्यु केशव गुर्जर के कब्जे से एक पचफेरा बंदूक तथा कारतूस बरामद किए गए हैं।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478